# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024



www.cvru.ac.in

CVRU
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

REACH THE HEIGHTS OF SUCCESS



## FACULTY OF SCIENCE

**B.Sc.** (Mathematics, Biology, Microbiology, Biotech, Computer Science)

**PGDRD**

**M.Sc.** (Physics, Chemistry, Mathematics, Micro-biology, Botany, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Technology )

## FACULTY PHARMACEUTICAL SCIENCES

**B.Pharm** (4-Year Programme) | **D.Pharm** (2-Year Programme)

**M.Pharm** (2-Year Programme)

*Our Recruiting Companies Partner*

## THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED WITH "A" GRADE BY NAAC

### Special Features at CVRU Chhattisgarh

- Fully Automated Library with KOHA Software, integrated with RFID System
- Smart Classrooms with smart boards
- NEP Aligned Programme
- Research-oriented environment with ultra modern facilities
- Online Live Lectures & contents in MOOCS, SWAYAM, NPTEL
- Enhancement in Skill based Education
- 150+ MoUs with national & international organizations and industry partners
- 14 Centres, Clubs & Committees for Holistic Development of Students
- Sustainable campus with Solar Energy resources & Energy Park
- Excellent indoor & outdoor Sports facilities
- (iTBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
- Chhattisgarhi Lok Kala and Sanskriti Kendra & Chhattisgarhi Museum (Sanjohi)
- Fulfil civic and social responsibility through NSS, NCC, UBA & Social outreach activities
- Strong Industrial linkage with National & MNC'S to ensure valuable opportunities for internships and job placements, enriching students' practical experiences.
- Herbal Medicinal Garden & Raman Greens
- 1,000 Mbps optical fibre Speed
- CIF (Central Instrumentation facility with advanced lab equipments)

**Skill Partners**

AISECT LEARN — Better Education. Better Careers. — INHOUSE LMS DELIVERING NEW AGE COURSES

Certification Courses in
- Digital Marketing
- Cyber Security
- Data Science
- AI/ML

Hero | Red Hat | Microsoft

## Other Programmes Offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**

B.Tech.
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Electronics & Comm. Engg
- Computer Science Engg.
- Electrical & Electronics Engg.

Polytechnic Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engg.
- Electrical Engineering

M. Tech.
- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engg.
- Production Engineering
- VLSI • Software Engg.

**INFORMATION TECH.**
- M.Sc. (IT) • M.Sc. (CS)
- P. G.D.C.A.
- B.C.A. • D.C.A.

**EDUCATION**
- B.Ed. | M.Ed.

**MANAGEMENT**
- B.B.A.| M.B.A. |PGDBM

**COMMERCE**
- B.Com. | M.Com.

**LAW**
- LL.M. | LL.B.
- B.A. (LL.B.)
- B.Com.(LL.B.)

**PHYSICAL EDUCATION**
- B.P.E.S. | M.P.E.S.

**B.VOC**
- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services and Insurance
- Construction
- Production Technology
- AC & Refrigeration

**ARTS**
- B.A.
- PERFORMING & FINE ARTS (Indian Music (Vocal) Kathak, Tabla, Guitar)
- B.P.A. | M.P.A.
- M.A.
  - Linguistics- (English, Hindi, Chhattisgarhi, Sanskrit)
  - Social Science - (History, Geography, Economics, Sociology Political Science, Education)
- B.Lib. | M.Lib.
- M.S.W. (Social Work)
- B.J. | M.J.

**Research Programmes Ph.D.**

**ADMISSION OPEN (2024-25)**



**ADMISSION HELPLINE: 6261-900581/82**

Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.), Phone: +91-7753-253801
Email: info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878





# मोर सपना,
# मोर विकसित छत्तीसगढ़

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# अमृत काल
# छत्तीसगढ़ विजन 2047

*विकसित राज्य की ओर एक पहल*



**श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अपने सुझाव एवं विचार
राज्य नीति आयोग के **नागरिक पोर्टल**
पर **QR** कोड स्कैन कर साझा करें

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




# सात माह में 1246 सैंपल, 580 की जांच, 83 घटिया, बेसन में चावल आटा, बिरयानी में सिंथेटिक कलर और पनीर भी फेल

राजधानी समेत राज्य के कई शहरों में मिलावटी खाद्य सामग्री लोगों की सेहत बिगाड़ रही है। जांच की सीमित साधन के बावजूद सैंपल के जो नतीजे सामने आ रहे हैं, वह चिंता में डालने वाले हैं।

विकास शर्मा ▸▸ रायपुर

हरिभूमि खास

पिछले सात माह के सैंपलों की आधी-अधूरी जांच में पता चला है कि बेसन, पनीर, नमकीन, मिठाई की खरीदी में भी खतरा है। कई सैंपल अमानक पाए गए हैं। पता चला है, बेसन में चावल आटा और हल्दी मिलाया जा रहा है। होटल की बिरयानी में अधिक मात्रा में सिर्थेटिक कलर डाला जा रहा है। मिठाई दुकानों में बिकने वाले लड्डू और चमचम में फैट ज्यादा है तो नमकीन मिक्चर बनाने घटिया तेल का उपयोग किया ▸▸ शेष पेज 4 पर



### गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की कोशिश

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक कुलदीप शर्मा ने आम जनता को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए विभाग द्वारा लगातार जांच की जा रही है। इसके अलावा वेंडरों सहित ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मसालों में राहत

केंद्र सरकार के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने प्रदेशभर से गरम मसाला, धनिया पावडर, चिली पावडर, सब्जी मसाला, जीरा, चाट मसाला सहित विभिन्न तरीके के मसालों के 103 सेंपल लेकर जांच के लिए हैदराबाद भेजे थे। इनकी रिपोर्ट राहत देने वाली है कि इनमें किसी तरह के अमानक तत्व नहीं पाए गए है।

### किस जिले में क्या मिला, कुछ नमूने

- रायपुर जिले से लिए गए बेसन की सैंपल जांच में हल्दी पावडर और चावल आटा मिलाने की पुष्टि। कोरबा में भी आर्गेनिक बेसन में स्टार्च होने होने का पता चला।
- रायपुर जिले के ग्रामीण इलाके के एक होटल से मिक्चर में मिलाने तैयार गाठिया के सैंपल लिए गए। जांच के बाद बनाने के लिए खराब तेल का इस्तेमाल करने का पता चला।
- अंबिकापुर के डेयरी में बिकने वाले दही की जांच में फैट की मात्रा तय मानक से अधिक होने की पुष्टि हुई।
- कोंडागांव के होटल में बिक रही वेज बिरयानी सब स्टैण्डर्ड मिला। जांच में सिथेंटिक कलर होने का पता चला।
- कबीरधाम की किराना दुकान में बिकने वाली अरहर दाल के सैंपल जांच में नमी की मात्रा अधिक पाई गई।
- राजनांदगांव के होटल में दाल फ्राई की जांच। रिपोर्ट में पता चला दाल शुद्ध नहीं, धूल ही धूल।
- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मिठाई दुकान चमचम के सैंपल बीआर रीडिंग में अमानक। इसमें फैट की मात्रा ज्यादा निकली।
- गरियाबंद के होटल से पनीर का सैंपल, जांच में मिल्क फैट अधिक होने की जानकारी मिली।

---

नक्सलियों ने 2 दिन पूर्व 3 ग्रामीणों को किया था अगवा

# नक्सलियों की जनअदालत, एक को सजा ए मौत, दो को किया रिहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर


फाइल फोटो

- सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र की वारदात

सुकमा के किस्टाराम थाना क्षेत्र स्थित जंगल में जनअदालत लगाकर माओवादियों ने एक ग्रामीण की निर्ममता से लोगों के सामने पीट पीटकर हत्या कर दी। मारे गए 20 साल के युवक माड़वी रामाराव निवासी ग्राम साकलेर पर नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए अगुवा किया था। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने दो दिन पूर्व तीन ग्रामीणों को साकलेर ग्राम से अगवा किया था। बुधवार को जनअदालत में इनका फैसला करते हुए नक्सलियों ने युवक के साथ क्रूरता की।

युवक की हत्या के बाद नक्सलियों ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मारपीट में घायल दो ग्रामीणों को बुधवार रात रिहा कर दिया है। अगवा तीनों ग्रामीण नक्सल प्रभावित किस्टाराम थाना क्षेत्र के ग्राम साकलेर के निवासी हैं। पुलिस ने युवक की हत्या की पुष्टि करते हुए अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ किस्टाराम थाना में मामला दर्ज कर लिया है।

### पास्टर, कोटवार व दिव्यांग की भी हत्या

नक्सलियों ने इस साल 17 मार्च को बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र में एक पास्टर की हत्या की थी। उसके एक माह बाद 28 अप्रैल को दंतेवाड़ा के नीलावाया में एक दिव्यांग युवक को मार डाला। 2 मई को दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण इलाके के एक कोटवार को मारा था। ऐसे और कई मामले सामने आ चुके हैं।

### नक्सलियों के बुलावे पर नहीं जाते अब ग्रामीण

किस्टाराम थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण की हत्या की सूचना मिली है, जिसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। पूर्व की तरह अब नक्सलियों की जनअदालत में ग्रामीण नहीं जाते हैं और न ही उन्हें अपना समर्थन देते हैं। लगातार खुल रहे कैम्पों से नक्सली बौखलाहट में आम लोगों को निशाना बना रहे हैं।

\- सुंदरराज पी
आईजी, बस्तर

### चार साल में दो दर्जन से अधिक की हत्या

जानकारी के मुताबिक नक्सली पिछले चार वर्ष में दो दर्जन से अधिक लोगों की हत्या पुलिस मुखबिरी का आरोपी लगाते हुए कर चुके हैं। इनमें 17 नवंबर 2020 को नक्सलियों ने सुकमा के जंगलों में जनअदालत लगाकर 2 युवकों की हत्या की थी। इसके बाद 21 अक्टूबर 2020 को नक्सलियों ने बीजापुर में एक आरक्षक को अगवा कर जनअदालत लगा उसकी हत्या की थी। इसी वर्ष नारायणपुर के अबूझमाड़ में 2 युवकों पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगा कर गला रेत कर हत्या करने के बाद कांकेर जिले में भी नक्सलियों ने जनअदालत लगा कर एक पूर्व सरपंच की हत्या की थी। चार बरस के आंकड़े बताते हैं कि नक्सलियों ने दो दर्जन से ज्यादा को बेरहमी से जनअदालत में मारा है।

---

वित्त आयोग की अहम बैठक में सीएम साय ने उपलब्धियां भी गिनाईं और आवश्यकता भी बताई

# सीएम ने मांगा विशेष अनुदान, जीएसटी का ज्यादा पैसा, गिनाईं राज्य की जरूरतें

*राजधानी में 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के साथ गुरुवार को राज्य सरकार की बैठक में कई अहम मुद्दों पर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छग में हो रहे विकस कार्यों की जानकारी देते हुए आवश्यकताओं को भी सामने रखा। उन्होंने विशेष अनुदान देने का आग्रह भी किया। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का खास जिक्र किया गया। वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स पर जोर दिया। बैठक में पूरा साय मंत्रिमंडल मौजूद था।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ नवोदित राज्य है, जो जनजातीय बहुल, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों से घिरा एवं माओवाद प्रभावित है। छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की बराबरी में लाने के लिए अधिक वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होगी। राज्य में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण रेल, सड़क, दूरसंचार, ऊर्जा, सिंचाई की परियोजनाओं की लागत एवं समय-सीमा में वृद्धि के कारण हमें अतिरिक्त व्यय भार वहन करना पड़ रहा है।

खनन गतिविधियों के कारण पर्यावरण को होने वाली क्षति और लोगों पर स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से निपटने के लिए हमें अतिरिक्त धनराशि खर्च करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा, जीएसटी खपत एवं गन्तव्य आधारित कर प्रणाली के कारण खनन गतिविधियों का वास्तविक लाभ छत्तीसगढ़ को न मिलकर उन राज्यों को मिल रहा है, जहां खनिजों का वैल्यू-एडिशन हो रहा है और खनिजों की खपत हो रही है। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग से राज्य को अधिक वित्तीय सहायता की अनुशंसा की जाती है, तो निश्चित ही पिछड़े इलाकों में लोकहित के कार्यों को बड़े पैमाने पर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि देश तेजी से आर्थिक महाशक्ति बन रहा है और इसके लिए छत्तीसगढ़ भी पूरी मेहनत से काम कर रहा है। विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण हम करेंगे। हमारी अपेक्षा है, केंद्रीय वित्त आयोग छत्तीसगढ़ के हमारे विजन को अमल में लाने के लिए अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करे।



### केंद्र से मिलने वाली राशि का अनुपात बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के समय मात्र 29 हजार 539 करोड़ रुपए की छोटी सी अर्थव्यवस्था के साथ इस राज्य ने शुरुआत की थी। वर्ष 2023-24 में राज्य 5 लाख 9 हजार करोड़ रुपए के जीएसडीपी के लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है। आने वाले पांच वर्षों में हम जीएसडीपी के आकार को दोगुना करने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी योजनाएं जिनका संचालन केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के अंशदान से हो रहा है, उनमें केन्द्र सरकार से मिलने वाली राशि का अनुपात बढ़ाया जाए।

### कर लीकेज समाप्त करने का प्रयास

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने राज्य के वित्तीय परिदृश्य पर प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा, नवा रायपुर को ग्रीन स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां अधोसंरचना विकास के लिए केन्द्र से और अधिक संसाधन मिलने चाहिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ निर्धारित मापदंडों के अनुसार वित्तीय अनुशासन का पालन कर रहे हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे। कर प्रणाली में आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर लीकेज को समाप्त करने का ▸▸ शेष पेज 4 पर

---

## खबर संक्षेप

### भीम सिंह पॉवर वितरण कंपनी के नए एमडी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक (संचालन/संधारण) भीम सिंह कंवर को प्रबंध संचालक (एमडी) बनाया गया है। अब तक एमडी का कार्यभार ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला देख रहे थे। श्री शुक्ला को मनोज खरे के रिटायर होने के बाद प्रभार दिया गया था। लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के कारण नए एमडी की नियुक्ति रुकी हुई थी। अब प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग ने नए एमडी की नियुक्ति का आदेश गुरुवार को जारी किया है। नए एमडी की नियुक्ति मिलने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पेट में छिपाई थी सात करोड़ की कोकीन, हवाई अड्डे पर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंगोला की एक महिला को पकड़ा गया है, जो 34 कैप्सूल में करीब सात करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन पेट में छिपा कर लायी थी। महिला को दो जुलाई को तब पकड़ा गया, जब वह दोहा से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। सीमा शुल्क विभाग के अनुसार एक यात्री की तलाशी के दौरान उसके पास से आठ अंडाकर कैप्सूल मिले। उस महिला यात्री ने अधिकारियों को बताया कि उसने पेट में मादक पदार्थ छुपाया है।

# ज्वेलरी शॉप के पास दिखे संदिग्ध, पूछा तो मार डाला

मां और बड़े बेटे की हत्या, छोटा बेटा अस्पताल में भर्ती





हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- अज्ञात लोगों ने दिया घटना को अंजाम, मौके पर आईजी, एसपी समेत फॉरेंसिक टीम पहुंची
- रात को विवाह समारोह में शामिल हुआ था पूरा परिवार

कोतवाली थाना क्षेत्र के अनुपमा टॉकीज चौक में बीती रात अज्ञात लोगों ने मां और बेटे की हत्या कर दी। हमले में छोटा बेटा घायल हो गया। जिसे महारानी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ज्वेलरी दुकान के पास चार संदिग्ध दिखाई दिए। तभी एक बेटे ने आवाज लगाकर पूछा। इस पर नाराज होकर उसकी पिटाई के बाद हत्या कर दी।

घटना की जानकारी सुबह आस पड़ोस के लोगों से मिलने के बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही आईजी सुंदरराज पी, एसपी शलभ कुमार सिन्हा समेत फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गायत्री गुप्ता (55) अपने दो बेटों नीलेश गुप्ता (32) और नितेश गुप्ता (29) के साथ रहती थीं। वह घर के सामने चना मुर्रा की दुकान चलाती थी। तीनों बीती रात शादी कार्यक्रम से रात लगभग ▸▸ शेष पेज 4 पर

### छोटे भाई को ले गए घटना स्थल

बहरहाल पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की विवेचना कर रही है। देर शाम छोटे भाई को घटनास्थल पर ले जाकर घटना की विस्तृत जानकारी ली गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक माह में दूसरा डबल मर्डर हुआ। इससे पूर्व जमीन विवाद के चलते ग्राम इरिकपाल में दो भाइयों की 12 लोगों ने मिलकर हत्या कर दी थी।

## अनंत अंबानी और राधिका की आज शादी



- खुशहाल जिंदगी के लिए हुई गृह शांति पूजा
- वरमाला की रस्म रात 8 बजे
- लग्न की विधि रात 9.30 बजे

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को है। शादी मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगी। मिलन और वरमाला की रस्म शुक्रवार रात 8 बजे निभाई जाएगी। लग्न की विधि रात करीब 9.30 बजे होगी। शादी के बाद 13 जुलाई को 'शुभ आशीर्वाद' का कार्यक्रम है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ की तबीयत खराब, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत गुरुवार को अचानक खराब हो गई जिसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराना पड़ा। पीठ में तेज दर्द के बाद उनकी तबीयत खराब हुई थी, लेकिन अब उनकी उनकी हालत बिल्कुल स्थिर बताई जा रही है।



### सिंह की तबीयत स्थिर

एम्स अस्पताल सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत स्थिर है और डॉक्टर के द्वारा उनका चेकअप किया जा रहा है।

मौजूदा विभागों के साथ नई जिम्मेदारी

## वन मंत्री केदार अब संसदीय मंत्री भी, आधी रात अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



वन एवं सिंचाई मंत्री केदार कश्यप संसदीय कार्य विभाग का भी जिम्मा संभालेंगे। बुधवार देर रात सरकार ने अधिसूचना जारी कर उनको संसदीय मंत्री का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। यहां यह बताना लाजिमी है कि पहले शिक्षामंत्री रहे बृजमोहन अग्रवाल संसदीय कार्य विभाग भी संभाल रहे थे। उनके सांसद बनने के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना बनी हुई है। अभी नए मंत्रियों का फैसला तो नहीं हुआ पर मामूली फेरबदल जरूर हो गया। सरकार ने संसदीय मंत्री का दायित्व श्री कश्यप को सौंप दिया। बुधवार ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सीएम ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री कश्यप को बधाई दी है। उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल के मेरे साथी श्री कश्यप को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता के वर्तमान दायित्वों के साथ संसदीय कार्य विभाग का प्रभार मिलने पर बहुत-बहुत बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

स्त्री रोग विशेषज्ञ के हिस्से में आई उपलब्धि

## दुर्ग में अस्पताल ने बनाया 100 'जुड़वा' का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

खास खबर

दुर्ग जिले ने जुड़वा बच्चों के प्रसव करवाने में मामले में गुरुवार को रिकार्ड बना दिया। जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता धुर्वे ने महज ढाई साल में 100 से भी ज्यादा जुड़वा प्रसव कराकर रिकॉर्ड बनाया है। डॉक्टर ने 2022 में 21 जुड़वा प्रसव कराया गया था। वर्ष 2023 में 30 और इस बरस सिर्फ 6 महीने में 49 जुड़वा डिलीवरी करवाकर 100 जुड़वा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### खास बातें

- 2022 में 21 जुड़वा प्रसव कराया था
- 2023 में 30 जुड़वा प्रसव कराए गए
- 6 महीने में 49 जुड़वा डिलीवरी
- नवजात केयर यूनिट में रखकर कई दिनों तक देखभाल की



### रिस्क फैक्टर ज्यादा होता है

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता ध्रुव ने बताया कि जुड़वा बच्चों में रिस्क फैक्टर ज्यादा होते हैं। मसलन कई बच्चों के गले में नॉल फंस जाती है। कई बच्चे अंडर वेट पैदा होते हैं। ऐसे बच्चों को ऑपरेशन कर डिलीवरी करवाई गई। नवजात केयर यूनिट में रखकर कई दिनों तक देखभाल करनी पड़ती है। इस कार्य में वरिष्ठ स्त्री ▸▸ शेष पेज 4 पर

पैसे, पासपोर्ट सब चोरी

## एक्ट्रेस दिव्यांका और विवेक दहिया संग इटली में लूटपाट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



टेलीविजन की मशहूर एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी अपने पति विवेक दहिया के साथ अपनी शादी की 8वीं सालगिरह मनाने यूरोप गई थीं। मगर उनके साथ एक बड़ी घटना हुई है जिससे दोनों दहल गए हैं। इटली में स्टार कपल के साथ लूटपाट हुई और उनके पासपोर्ट समेत 10 लाख का सामान चोरी हो गया। विवेक दहिया ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके इस घटना की जानकारी दी है। विवेक ने बताया कि हमारी ट्रिप बहुत अच्छी जा रही थी।

## चिंतन

# नेपाल में फिर 'सत्ता बदल' खेल, पैनी नजर रखे भारत

नेपाल में एक बार फिर से राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति है। मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को आज 12 जुलाई शुक्रवार को विश्वासमत का सामना करना है। प्रचंड की सरकार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के समर्थन से है। पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत 'सीपीएन-यूएमएल' ने पिछले सप्ताह प्रचंड सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। नेपाली संसद की जो अंकगणितीय स्थिति है, उसमें प्रचंड के लिए विश्वासमत हासिल करना मुश्किल है। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस ने विश्वासमत के खिलाफ मतदान के लिए अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। निचले सदन में बहुमत का आंकड़ा 138 है। नेपाली कांग्रेस व सीपीएन-यूएमएल के पास कुल 167 का आंकड़ा है, जो बहुमत से ज्यादा है। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है। ऐसे में पीएम दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे और उनकी सरकार का जाना तय है। मौजूदा संसद का कार्यकाल वर्ष 2027 तक है, नवंबर 2022 के चुनाव में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ लड़ा था, उससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव प्रचंड ने ओली का पार्टी सीपीएन यूएमएल के साथ लड़ा था। वर्ष 2022 में प्रचंड व शेर बहादुर देउबा के संयुक्त गठबंधन को बहुमत मिला, लेकिन प्रधानमंत्री को लेकर देऊबा के साथ तकरार के चलते प्रचंड ने पाला बदल लिया और ओली की सीपीएन यूएमएल के साथ मिलकर सरकार बना ली। चूंकि जून 2021 में प्रचंड के समर्थन से ही देउबा प्रधानमंत्री बने थे, इसलिए वे वर्ष 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस के साथ बहुमत के बाद पीएम बनना चाहते थे और चाहते थे कि इस बार देऊबा समर्थन दें, पर देऊबा ने ऐसा नहीं किया था। 18 महीने में प्रचंड ने चार बार विश्वासमत हासिल किया है, यह पांचवी बार है, जब उनके दांव विफल साबित होंगे। शुरू में प्रचंड चीन समर्थक रहे हैं, पर चीनी की दबाव वाली कूटनीति के चलते वे भारत के करीब आ गए। सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन में जल्द ही दरारें उभर आईं, जिससे प्रचंड को मार्च में नेपाली कांग्रेस के समर्थन से एक और विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उस विश्वासमत के बाद वे भारत दौरे पर आए थे। नेपाल में अब जो ओली व देऊबा की पार्टी की गठबंधन सरकार बनेगी, उसमें ओली पहले पीएम बनेंगे, वाद में देऊबा बनेंगे। ओली चीन समर्थक माने जाते हैं, जबकि देऊबा का भारत के साथ मधुर संबंध रहा है। प्रचंड बनाम ओली की राजनीतिक अदावत के चलते ही 2021 में संसद भंग कर दी गई थी। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और संसद भंग करने के फ़ैसले को रद कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इसी फ़ैसले के बाद देउबा प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल में चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिलने से राजनीतिक अस्थिरता लंबे समय से है। सत्ता देऊबा, ओली व प्रचंड के बीच घूमती रहती है, जिससे जन विकास की गति धीमी रहती है। ओली के फिर पीएम बनने के बाद भारत को नेपाल पर पैनी नजर रखनी होगी।

# आस्था की आड़ में अंधविश्वास का बढ़ता बाजार



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

हमारे देश में पौराणिक काल से ही शंकराचार्यों, आचार्यों, गुरूओं, संतों और महात्माओं से शिक्षा और दीक्षा लेने और उन्हे भी ईश्वर तुल्य सम्मान देने की परंपरा रही है। कालांतर में इन धर्मगुरूओं के प्रति लोगों की इतना आस्था और विश्वास होता था कि वे अपनी किसी भी समस्या का समाधान अपने धर्मगुरु से ही पूछते थे। धर्मगुरु भी अपने शिष्यों या अनुयायियों को धर्म सम्मत उपाय बताया करते थे लेकिन आज के कुछ संतों और धर्मगुरूओं का आचरण धर्म के सिद्धांतों के प्रतिकूल है फलस्वरूप लोगों का भरोसा उनसे उठने लगा है।

हाल ही में रिलीज सिनेमा 'महाराज' का एक संवाद 'धर्म भगवान बनने का नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान बनने का माध्यम है' वर्तमान परिदृश्य में सौ फीसदी सटीक बैठ रहा है। देश में इन दिनों धर्मगुरुओं द्वारा धार्मिक आयोजनों के आड़ में अंधविश्वास और पाखंड फैलाने का धंधा खूब फल-फूल रहा है। धार्मिक आस्था के आड़ में कतिपय बाबाओं का कद भगवान से ऊंचा होने लगा हैं, उनके अनुयाई भगवान की जगह इन बाबाओं के चरण वंदना के होड़ में हैं। बीते दिनों उत्तरप्रदेश के हाथरस में कथित भोले बाबा उर्फ सूरजपाल जाटव के सत्संग में उनके पैरों की धूल पाने की रेलमपेल में मचे भगदड़ में 123 लोगों की मौत हो गई और 250 से ऊपर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस सत्संग में 50 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी थी। बहरहाल किसी धार्मिक आयोजन में भगदड़ के बाद इस तरह के हादसे की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि कालांतर में भी इस प्रकार की दर्जनों घटनाएं हुई हैं जिसमें लोगों की मौतें हुई हैं। अलबत्ता देश में विभिन्न धर्मों और पंथों के संतों, बाबाओं और धर्मगुरूओं और उनके अनुयायियों के बीच सत्संग और कथाओं के आयोजन में जिस तरह से शक्ति प्रदर्शन चल रहा है उससे भविष्य में ऐसे हादसों से इंकार नहीं किया जा सकता।

भारत में विभिन्न धर्मों और पंथों के करोड़ों धर्मावलंबी और अनुयाई हैं जिनके अपने आराध्य और पंथ प्रमुखों के प्रति अटूट आस्था है। हमारे देश में पौराणिक काल से ही शंकराचार्यों, आचार्यों, गुरूओं, संतों और महात्माओं से शिक्षा और दीक्षा लेने और उन्हे भी ईश्वर तुल्य सम्मान देने की परंपरा रही है। कालांतर में इन धर्मगुरूओं के प्रति लोगों की इतना आस्था और विश्वास होता था कि वे अपनी किसी भी समस्या का समाधान अपने धर्मगुरु से ही पूछते थे। धर्मगुरु भी अपने शिष्यों या अनुयायियों को धर्म सम्मत उपाय बताया करते थे लेकिन आज के कुछ संतों और धर्मगुरूओं का आचरण धर्म के सिद्धांतों के प्रतिकूल है फलस्वरूप लोगों का भरोसा उनसे उठने लगा है। इसमें दोराय नहीं कि सभी धर्मों, मजहबों या पंथों के पूजा, प्रार्थना, इबादत और परंपराओं में ईश्वर को ही प्रधानता दी गई है लेकिन आज के दौर में आराध्य और साधक के बीच धर्मगुरुओं का उदय हो चुका है जिनके लाखों अनुयाई हैं। विभिन्न शहरों में बड़े-बड़े व्यवसायिक घराने और पूंजीपति तथा धार्मिक संगठन करोड़ों रुपए खर्च कर इन कथाकारों या संतों का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। विडंबना यह कि इन आयोजनों के दौरान कुछ धर्मगुरूओं द्वारा ऐसे टोटके और अंधविश्वास बताए जा रहे हैं जिसका धर्म या धार्मिक ग्रंथों में कोई अस्तित्व ही नहीं है।

बहरहाल बाजारवाद के दौर में विभिन्न संचार माध्यम अंधविश्वास फैलाने वाले बाबाओं के लिए बाजार तैयार करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं।विडंबना है कि धर्म के नाम पर पाखंड का धंधा चलाने वाले इन बाबाओं की वजह से पूरा संत समाज या धर्म को कठघरे में खड़ा होना पड़ रहा है जो निश्चित ही सोचनीय है। धार्मिक आस्था के नाम पर पाखंड और आडंबर का चादर ओढ़े इन कथित बाबाओं के पास जहां अकूत धन संपत्ति और



सुख - सुविधाएं हैं वहीं देश के प्रमुख शहरों में इनके पांच सितारा आश्रम भी हैं। राजनीति और धर्म के घालमेल तथा वोट बैंक की राजनीति के चलते देश की सत्ता और सियासत के सूत्रधार इन धर्मगुरुओं के सामने नतमस्तक हैं। धर्म के इन झंडाबरदारों का सियासी धमक इतना है कि वे चुनाव परिणामों का रुख मोड़ने की ताकत रखते हैं फलस्वरूप शासन और प्रशासन भी इनके काले करतूतों के प्रति आंखें मूंदने के लिए विवश हो जाते हैं। इस तथ्य की पुष्टि हाथरस की हालिया घटना की जांच के लिए बनी एसआईटी के जांच रिपोर्ट से होती है जिसमें इस हादसे के सूत्रधार भोले बाबा के नाम का जिक्र ही नहीं है। इसके इतर कुछ कथित बाबाओं के खिलाफ महिलाओं के साथ दुष्कर्म, छेड़छाड़, अनैतिक आचरण, अपहरण व फिरौती, जबरिया जमीन पर कब्जा करना और हत्या जैसे गंभीर आपराधिक मामलों के प्रकरण चल रहे हैं या हवालात की हवा खा रहे हैं।कतिपय तांत्रिकों और बाबाओं द्वारा तंत्र- मंत्र की आड़ में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं भी प्रकाश में आई है वहीं पाखंडी बाबाओं के फेर में नरबलि देने का भी मामला उजागर हुआ है बाबाओं के नाम पर चल रहे अंधश्रद्धा का आलम यह कि उनके कथित भगवान के हवालात में होने के बावजूद अभी भी भक्तों के आंखों से अंधभक्ति की पट्टी नहीं उतरी है।

बहरहाल आस्था के नाम पर अंधविश्वास के बढ़ते बाजार के कारणों पर गौर करें तो इसके लिए मुख्य रूप से अशिक्षा,गरीबी, बेरोजगारी, शारीरिक व मानसिक बीमारी, अदालती और पारिवारिक कलह आदि है। आश्चर्यजनक तौर पर केवल अशिक्षित, गरीब और ग्रामीण वर्ग ही नहीं बल्कि शिक्षित और अभिजात्य तबका भी अपने मुसीबतों से चुटकियों में छुटकारा मिलने की आस में पाखंडी धर्मगुरुओं के कुचक्र में फंस रहा है।

विचारणीय है कि भारत जैसे धर्म प्रधान देश में जहां बहुतेरे लोग धर्मभीरु हैं उन्हें आस्था और अंधविश्वास के बीच के फर्क को समझना होगा। सनातन धर्म के बारे में गौर करें तो इस धर्म से जुड़े सभी वेद - पुराणों और धार्मिक आख्यानों में ईश्वर का उल्लेख कर्मयोगी के रुप में हुआ है। इस धर्म से जुड़े श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण ने कर्म को ही प्रमुखता दिया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक विभिन्न प्रसंगों में देवताओं ने चुनौतियों पर दैवीय चमत्कार नहीं बल्कि शक्ति, युक्ति और नीति से ही विजय हासिल की थी। धार्मिक आस्था लोगों में अहिंसा, नैतिकता, दया, परोपकार, दान, व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वास्थ्य जैसे सकारात्मक भाव पैदा करता है जो व्यक्ति को किसी भी चुनौती या संकट से उबरने में आत्मबल प्रदान करता है यानि धर्म में विज्ञान और मनोविज्ञान दोनों मौजूद है। दूसरी ओर अंधविश्वास लोगों में भय, कुंठा, हिंसा, असुरक्षा, एकाकीपन जैसा नकारात्मक विचार पैदा करता है फलस्वरूप उसका आत्मविश्वास कमजोर होता है।

अंधविश्वास से घिरा व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है जिसका परिणाम धनहानि और आत्महत्या के रूप में सामने आता है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि धर्मगुरुओं द्वारा बताए जा रहे अवैज्ञानिक और तर्कहीन उपाय है लिहाजा ऐसे पाखंड से लोगों को हर हाल में बचना चाहिए। अलबत्ता देश में धर्म के नाम पर बढ़ रहे अंधविश्वास के मद्देनजर सरकार को कड़े कानून लागू करने की जरूरत है फिलहाल अंधविश्वास के खिलाफ सख्त कानून केवल महाराष्ट्र में ही है। विचारणीय है कि नैतिक मूल्यों के क्षरण के वर्तमान दौर में छात्रों को धर्म से जोड़े रखना आवश्यक है लिहाजा स्कूली पाठ्यक्रम में धर्म और अंधविश्वास के अंतर को समझाने वाले विषय वस्तु शामिल करना चाहिए। इसके अलावा समाज की भी जवाबदेही है कि वह अंधश्रद्धा निर्मूलन की दिशा में सक्रिय संगठनों से जुड़कर लोगों को अंधविश्वास और पाखंड के जागरूक करने की दिशा में आगे आए तभी भारत विश्व गुरु बन सकता है।

## उपलब्धि
कृष्णमोहन झा



# पीएम मोदी के व्यक्तित्व की खूबियों के मुरीद हुए पुतिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए जिन विदेशी राष्ट्राध्यक्षों ने बधाई दी है उनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के निकटतम विदेशी मित्रों में प्रमुखता हासिल कर ली है। हाल में ही रूस की राजधानी मास्को में आयोजित भारत-रूस शिखर वार्ता में भाग लेने के लिए मास्को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया गया वह भारत-रूस संबंधों में प्रगाढ़ता का परिचायक था, जो समय की कसौटी पर न केवल खरे उतरे हैं बल्कि निरंतर मजबूत हुए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ सेंट एंड्रयूज द एपोस्टल' से नवाजकर अंतरराष्ट्रीय जगत को यह संदेश दिया कि भारतीय प्रधानमंत्री के लिए रूस की जनता के दिलों में कितना आदर और प्रेम है। प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान को भारत की 140 करोड़ जनता का सम्मान निरूपित करते हुए कहा कि मेरे लिए मेरा देश और मेरे देश के लोग सर्वोपरि हैं। प्रधानमंत्री ने मास्को में कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले मैंने तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और प्रण लिया था कि मैं अपने तीसरे टर्म में तीन गुनी ताकत से काम करूंगा।' इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों से यह संकेत मिलने लगे हैं कि देश को प्रगति की आकाशीय ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रबल इच्छा शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी पांच साल बाद रूस के प्रवास पर पहुंचे थे। मास्को विमानतल पर रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने उनकी अगवानी की और विमान तल पर ही रूस की सशस्त्र सेनाओं के जवानों द्वारा उन्हें सलामी गारद से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने विमान तल पर किसी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी के लिए पहली बार देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री को भेजा था। रूस में किसी राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर सामान्यतः द्वितीय उपप्रधानमंत्री द्वारा स्वागत की परंपरा रही है। मास्को विमानतल पर भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री की उपस्थिति के यह अर्थ लगाए जा रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति के लिए भारत के मैत्री विशेष अहमियत रखती है और प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में रूस के राष्ट्रपति पुतिन भारत के साथ रूस के रिश्तों को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए तत्पर हैं। रूस के राष्ट्रपति ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री चुने पर बधाई देते हुए इसे उनके अनेक वर्षों के अच्छे कार्यों का प्रतिफल बताया। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को ऊर्जावान नेता बताते हुए यह व्यक्त विश्वास व्यक्त किया कि उनमें भारत और भारतीय लोगों के हित में अच्छे नतीजे देने की क्षमता मौजूद है। यह रिजल्ट से स्पष्ट है। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को अपना करीबी मित्र मानते हुए जब उन्हें इलेक्ट्रिक कार में सैर कराई तब ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दोनों के बीच वर्षों पुरानी गहरी दोस्ती है। रूस के राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच अत्यंत आत्मीय वातावरण में संपन्न हुई वार्ता में उभय राष्ट्राध्यक्षों ने दोनों देशों के सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की इस बात की सराहना की कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इस पर मोदी ने कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है। रूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि हम विगत दस वर्षों में 17 बार मिल चुके हैं और विगत 25 वर्षों में 22 दोनों देशों के 22 द्विपक्षीय बैठकें हो चुकी हैं। यह हमारे संबंधों की गहराई का परिचायक है। प्रधानमंत्री ने देश में किसानों को उर्वरक की कमी के संकट से निपटने में रूस से मिले सहयोग की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति को आतंकवाद की समस्या पर भारत की चिंताओं से अवगत कराते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए विश्व में शांति कायम करने की बहुत आवश्यकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी की इस रूस यात्रा और रूस के राष्ट्रपति के साथ उनकी शिखर वार्ता के प्रति अंतरराष्ट्रीय जगत में विशेष उत्सुकता बनी हुई थी।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
## दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
## प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जल्द पारित हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या मुद्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को अधिक जनसंख्या के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों और संसाधनों पर दबाव जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। भारत में अत्यधिक जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करती है, जिससे गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में कमी के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी असर पड़ता है। इसलिए समय रहते इस पर नियंत्रण जरूरी है।

*- मुकेश शर्मा, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### ऑस्ट्रियाई सरकार का धन्यवाद



ऑस्ट्रिया की मेरी यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही है। हमारे देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है। मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने की खुशी है। चांसलर कार्लनेहैमर का आभार ऑस्ट्रियाई सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य और स्नेह के लिए धन्यवाद।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मणिपुर आएं प्रधानमंत्री



मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं, मगर स्थिति में कोई सुधार नहीं है - आज भी प्रदेश दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं। प्रधानमंत्री को मणिपुर आ कर प्रदेशवासियों की तकलीफ़ सुनते हुए शांति की अपील करनी चाहिए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए



ऐसी दुनिया में जहां 'आओ-देखो-मुझे' एक बीमारी है और पेड पीआर जीवन का एक स्वीकार्य तरीका है, विनम्रता राहुल द्रविड़ को शानदार बनाती है। हमें अपने पेशे में इसकी आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए; महानता हासिल करने के लिए और इसे केवल हम पर निर्भर रहने दें।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### आंखें खुली रखनी होंगी



यह एक अहम पाठ है कि उद्यमशीलता के अवसर कैसे उत्पन्न होते हैं। आप हमेशा ग्राहकों की ज़रूरतों का पहले से अनुमान लगाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। आपको अपने कान ज़मीन पर रखने होंगे, अपनी आंखें खुली रखनी होंगी।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# भारतीय जहाज के कैप्टन व दल ब्रिटेन में सम्मानित



तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत और उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस और समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान 'दृढ़ संकल्प और धीरज' का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। वर्ष की शुरुआत में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज 'मार्लिन लुआंडा' पर गिरने से भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम के कैप्टन बृजेश नांबियार और चालक दल को भी संकट के समय तेल टैंकर की सहायता करने के लिए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया है। कैप्टन रावत और उनके चालक दल तथा कैप्टन जॉर्ज फर्नांडो गैलाविज फूएंटेस और टगबोट पेमेक्स माया के चालक दल को मार्शल द्वीप समूह द्वारा पुरस्कार के लिए नामित किया गया। ये लोग दो दिसंबर को लंदन में आईएमओ मुख्यालय में समुद्री सुरक्षा समिति के 109वें सत्र के दौरान प्रस्तावित वार्षिक समारोह में अपने पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

## ऑफ बीट

# चेतना समाज को लाभ पहुंचाने विकसित हुई



चेतना का अनुभव हमारे अंतर्निहित मस्तिष्क शरीर क्रिया विज्ञान से क्यों विकसित हुआ? तंत्रिका विज्ञान का एक जीवंत क्षेत्र होने के बावजूद, चेतना पर वर्तमान शोध में असहमति और विवाद बना हुआ है - विवाद में कई प्रतिद्वंद्वी सिद्धांत हैं। 1,000 से अधिक लेखों की हालिया व्यापक समीक्षा में 20 से अधिक विभिन्न सैद्धांतिक खातों की पहचान की गई। डेविड चाल्मर्स जैसे दार्शनिकों का तर्क है कि कोई भी एक वैज्ञानिक सिद्धांत वास्तव में चेतना की व्याख्या नहीं कर सकता है। हम चेतना को आत्म जागरूकता सहित सन्निहित व्यक्तिपरक जागरूकता के रूप में परिभाषित करते हैं। इंटरलिया में प्रकाशित एक हालिया लेख में (जिसकी सहकर्मी समीक्षा नहीं की गई है), हम तर्क देते हैं कि इस दुर्दशा का एक कारण अंतर्ज्ञान द्वारा निभाई गई शक्तिशाली भूमिका है। हम अकेले नहीं हैं। सामाजिक वैज्ञानिक जेसी रीज़ एंथिस लिखती हैं, 'चेतना की मौलिक प्रकृति पर अधिकांश बहस अंतर्ज्ञान की उत्तेजना का रूप लेती है, जिसमें विभिन्न पक्ष अपने स्वयं के मजबूत अंतर्ज्ञान की सूचना देते हैं और उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ करते हैं'।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 22, अंक : 354
पृष्ठ : 14+4+4 = 22, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.2
न्यून. 26.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

09
इंग्लैंड ने फाइनल में बनाई जगह स्पेन से...



विचार पेज
आस्था की आड़ में अंधविश्वास का...




# पूर्व अग्निवीरों के लिए खुशखबरी... केंद्रीय बलों में 10 फीसदी आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास खबर

अग्निवीरों के लिए खुशखबरी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल केंद्रीय सुरक्षा बलों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी। अब इस घोषणा को लागू किया जा रहा है, जिससे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा बल में पूर्व अग्निवीरों को यह आरक्षण मिलेगा। आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अग्निपथ योजना की शुरुआत

14 जून, 2022 को शुरू की गई अग्निपथ योजना में 17.5 से 21 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को चार वर्षों के लिए भर्ती करने का प्रावधान है, जिसमें उनमें से 25 प्रतिशत को भारतीय सशस्त्र बलों में 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा से उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और उनकी सेवाओं को सम्मान मिलेगा।

### गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला



### बीएसएफ की योजना

बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, हम तैयारी कर रहे हैं, जवानों; इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। सभी बलों को इसका लाभ मिलेगा। पूर्व अग्निवीरों को भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

### सीआईएसएफ ने भी की तैयारी

सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि इस संबंध में सभी तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने कहा, कांस्टेबलों के 10 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगे। इसके अलावा, उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में भी छूट दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व अग्निवीरों को भर्ती प्रक्रिया में बड़ी राहत मिलेगी और उनकी योग्यता को सम्मान मिलेगा।

## इधर, छत्तीसगढ़ का अग्निवीर लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

अग्निवीर के रूप में सेना में नियुक्त जिले का जवान विगत 2 महीने से रहस्यमय तरीके से लापता है।



परिजन उसकी पतासाजी के लिए विभागों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल रही है। वर्ष 2023 में जिले के पथरिया विकासखंड के गोइन्द्री गांव का रहने वाले जवान राकेश कुमार निषाद की नियुक्ति अग्निवीर योजना में हुई थी। महाराष्ट्र के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एसपी से मिले परिजन

परिवारजन ने इस बार जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी के साथ मुंगेली एसपी गिरिजाशंकर जायसवाल से मुलाकात की है। एसपी ने हरसंभव मदद ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### भूस्खलन के कारण हिमाचल की 12 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में भूस्खलन के कारण मणिमहेश डल झील का मार्ग बाधित हो गया। भूस्खलन का



19 सेकंड का वीडियो एक यात्री ने सोशल मीडिया पर डाला है। मणिमहेश यात्रा 17 अगस्त से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलती है लेकिन श्रद्धालु और पर्यटक यात्रा करते हैं।

### सड़क हादसे में दो भाइयों सहित चार की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के राजसमंद जिले में तड़के एक सड़क हादसे में दो भाइयों सहित परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।




हादसा उदयपुर-ब्यावर राजमार्ग पर उस समय हुआ, जब परिवार के चार सदस्य कार में सवार होकर उदयपुर से ब्यावर की ओर जा रहे थे।

### गैर हाजिर 17 डॉक्टरों को किया बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर ड्यूटी पर कथित रूप से गैर-हाजिर रहने



के लिए विभिन्न जिलों में तैनात 17 चिकित्सा अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। जनमानस की सेवा का दायित्व मिलना व स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना सौभाग्य है।

### पूर्व सांसद जयाप्रदा आचार संहिता मामले में बरी

**रामपुर।** अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा को आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में कोर्ट ने



बरी कर दिया। जयाप्रदा के खिलाफ अप्रैल 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान अभियोग पंजीकृत हुआ था। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सांसद-विधायक अदालत में की जा रही थी।

### ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, चार की मौत

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में तेज रफ्तार ट्रक ने एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक ही परिवार के



चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। यह दुर्घटना शहर के पुरानी छावनी इलाके में मुरैना राजमार्ग पर देर रात दो बजे हुई।

सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी स्टेटस रिपोर्ट

# नीट पर अब भी पेंच, सुनवाई 18 को इधर- बिहार का 'जुगाड़ू' धरा गया

*सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी मामले पर गुरुवार को होने वाली सुनवाई टाल दी है। अब सुप्रीम कोर्ट 18 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई करेगा। इससे पहले केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले पर अपनी स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। इधर, सीबीआई ने बिहार पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड रॉकी को गिरफ्तार कर लिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद्द करने और नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया। इधर, बिहार में नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुख्य सरगना राकेश रंजन (रॉकी) को गिरफ्तार कर लिया है, उसे बिहार के पटना से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई को अदालत से रंजन की 10 दिन की हिरासत ▶▶ शेष पेज 4 पर

### केंद्र और एनटीए का कोर्ट को नहीं मिला हलफनामा

### पेपर लीक में रॉकी की भूमिका

रॉकी ने नीट पेपर लीक के बाद उसका जवाब तैयार करने के लिए सॉल्वर्स का जुगाड़ किया था। रॉकी, झारखंड में संजीव मुखिया गिरोह का खास एसेट है। रांची और पटना के एमबीबीएस स्टूडेंट्स को सॉल्वर्स के तौर पर इस्तेमाल किया गया। रॉकी की गिरफ्तारी के बाद सॉल्वर्स के बारे में अहम जानकारी मिल सकती है।




### सीबीआई का अगला टारगेट संजीव मुखिया

अमन सिंह और रॉकी की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई को अब नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया उर्फ लूटन की तलाश है। अमन सिंह की गिरफ्तारी के बाद रॉकी की गिरफ्तार हुई और 10 दिन की रिमांड मिली है। रॉकी को रिमांड पर लेने के बाद सीबीआई की टीम अब संजीव मुखिया की लोकेशन को लेकर पूछताछ करेगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने इसलिए टाली सुनवाई

इधर, सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। उसने कहा, अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। हालांकि, केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के वकील को अपने हलफनामे की प्रति उपलब्ध करा दी है।

## पुलिस की नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे विधायक देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बलौदाबाजार का मामला



पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए जारी बलौदाबाजार पुलिस की नोटिस के खिलाफ भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने फैसला किया है कि नोटिस के जवाब में वह पुलिस की पूछताछ में उपस्थित नहीं होंगे। देवेंद्र यादव ने उच्च न्यायालय ▶▶ शेष पेज 4 पर

### किसलिए बुला रहे इसका उल्लेख ही नहीं

इस नोटिस के बाद बताया जा रहा है कि बलौदाबाजार के एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह पूरी टीम के साथ विधायक की प्रतीक्षा थाने में कर रहे थे। पर विधायक देवेंद्र यादव थाने नहीं पहुंचे। इसके बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 12 साल के बच्चों ने आठ साल की बच्ची का गैंगरेप कर मार डाला, शव फेंका

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के नांदयाल से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 12 और 13 साल के तीन लड़कों ने आठ साल की छात्रा के साथ गैंगरेप किया फिर उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुटी है।

■ हत्या के बाद शव को नहर में फेंका

बताया जा रहा है कि बच्ची तीन दिन से गायब थी। लड़की के पिता ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद से पुलिस डॉग स्कवॉड की मदद से लड़की की तलाश कर रही थी। यह घटना रविवार को हुई थी लेकिन बुधवार को इस मामले का खुलासा उस समय ▶▶ शेष पेज 4 पर



### शव की तलाश में जुटी पुलिस

नांदीकोटकुर पुलिस के अनुसार, नाबालिग लड़की के पिता ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी पास के मुचुमरी पार्क में खेल रही थी लेकिन अचानक लापता हो गई। उन्होंने उसे हर जगह ढूंढा लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शिकायत के बाद पुलिस ने मुचुमरी में हर जगह तलाश की और स्थानीय लोगों से जानकारी के लिए पूछताछ की, लेकिन लड़की नहीं मिली।

## भजन गाते हुए एडीएम बेहोश होकर गिरे, मौत

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के गजपति जिले में सरकारी अधिकारियों के मिलन कार्यक्रम में जगन्नाथ भजन गाते हुए एक अतिरिक्त जिलाधिकारी मंच पर बेहोश हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी पहचान गजपति जिले के एडीएम बीरेंद्र कुमार दास के रूप में हुई है। यह घटना बुधवार शाम में घटी जिसका वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मिलन समारोह में गा रहे थे गीत

दास के रिश्तेदार चंद्रकांत मलिक ने कहा कि चुनाव पूरा हो जाने पर अधिकारियों का मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।जब वह (दास) मंच पर गए और भगवान जगन्नाथ का उड़िया भक्ति गीत गाने लगे तो अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। जिलाधिकारी से सूचना मिलने के बाद डॉक्टरों की एक टीम बनायी थी। उन्हें करीब आधी रात को अस्पताल में लाया गया।

अयोध्या में बनेगा अनोखा वर्ल्ड रिकार्ड

# दुनिया भर के 200 जादूगर रामलला का दर्शन कर जादू से फहराएंगे भगवा ध्वज

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अलग खबर

सृष्टि के नियंता अद्भुत कला के जादूगर प्रभु श्रीराम के समक्ष दुनिया भर के जादूगर वर्ल्ड रिकार्ड के लिए यहां जुटेंगे। यह जादूगर 14 जुलाई को प्रातः श्रृंगार आरती में रामलला का दर्शन करेंगे। इसके उपरांत श्रीरामजन्म भूमि परिसर में ही अपनी जादुई कला से एक साथ भगवा ध्वज लहराकर वैश्विक कीर्तिमान बनाएंगे। जादूगरों के सामूहिक प्रयास को रिकार्ड करने के लिए मुम्बई से इंटरनेशनल टैलेंट बुक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दोनों दिन सायं छह बजे से जादू शो

भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के चेयरमैन डा. सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता व ट्रेजरार डा. वीके सम्राट एवं कार्यक्रमाध्यक्ष सुनील शर्मा ने संयुक्त रूप से आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि संगठन के शैक्षणिक सत्रों के अतिरिक्त शनिवार व रविवार की सायं छह बजे से मंत्रार्थ मंडपम वासुदेव घाट में जादू का ओपेन शो भी होगा। इस शो में चुनिंदा जादूगर अपनी कला के तिलिस्म से दर्शकों को चमत्कृत करेंगे।



उन्होंने बताया कि इस आयोजन के पीछे अंधविश्वासों को दूर कर सनातन संस्कृति के प्रति युवाओं को जागरूक करना है।

### जादू को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की मांग

भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के चेयरमैन डा. सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या की धरती से यह मांग भारत सरकार से की जाएगी कि जादू को ललित कला की विधा के रूप में पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह मनोरंजन की कला है, जिसके व्यावसायिक स्वरूप पर भी यहां सेमिनार में मंथन होगा। उन्होंने कहा कि इससे नये रोजगार का भी सृजन हो सकेगा।



ONLY 3-DAYS | जय श्री गणेशाय नमः | 12th, 13th & 14th Jul'24

# श्री बालाजी डायरेक्ट फैक्ट्री सेल

अब इंतजार की घड़ियां हुई समाप्त क्योंकि अब आ गया...बालाजी का स्टॉक क्लीयरिंग सेल

99 99 99 99 99 99

## Upto 90%
## बिग डिस्काउंट

इससे सस्ता अब कभी नहीं

Deal of the Day

आगे किसी शहर में बुकिंग न होने के कारण अब सारा माल
गुरु तेग बहादुर रायपुर में बेचकर जाना है वह भी सिर्फ तीन दिनों में

SPECIAL OFFER

# 99 का दम

सेल का आधे से ज़्यादा माल 99/- में बेचकर खत्म करना है.

- बच्चों के आइटम्स मुफ्त के दाम ⟶ मात्र 99/- में
- जो ब्रांडेड लेडिस जीन्स हमने 500/- में बेचे ⟶ वह मात्र 99/- में
- जो ब्रांडेड लेडिस फैंसी टॉप हमने 299/-में बेचे ⟶ वह मात्र 99/- में
- जो ब्रांडेड प्लाज़ो हमने 499/- में बेचे ⟶ वह मात्र 99/- में
- जो साड़ियां हमने 199/- व 299/- में बेचे ⟶ वह मात्र 99/- में
- सिंगल बेड की चादरें ⟶ मात्र 75/- में
- जो ब्रांडेड लेडिस शॉर्ट्स हमने 199/- व 299/- में बेचे वह मात्र 99/-में 2 पीस

ऑफर सिर्फ 36 घंटे के लिए। 12/13/14 JULY



## मानसून ऑफर

SPECIAL PRICE

फुल साइज टॉवल मात्र 99/- में

4 पीस डोरमेट मात्र 99/-में

## ब्लॉकबस्टर ऑफर



तीन पीस सैंडो फुल साइज (80 से लेकर 110 साइज)
ले जाइए मात्र ₹ 99/-

गर्ल्स के लिए फैंसी शॉर्ट्स (कॉटन एवं डेनिम), बच्चों के फैंसी टॉप, कैपरी, शॉर्ट्स, हैरम आदि Only 99/-



जल्दी कीजिये

## VIP COUNTER

- जो ब्रांडेड जॉगर हमने 999/- में बेचे वह मात्र 499/-में
- जो ब्रांडेड जीन्स हमने 999/- में बेचे वह मात्र 499/-में
- जो ब्रांडेड ट्राउज़र्स हमने 999/- में बेचे वह मात्र 499/-में
- जो ब्रांडेड डाउन शोल्डर शर्ट हमने 699/- में बेचे वह मात्र 299/-में
- जो ब्रांडेड फॉर्मल शर्ट हमने 499/- में बेचे वह मात्र 199/-में

श्री बालाजी सेल की 3 जगह (बिलासपुर, जबलपुर व भोपाल) की सेल बंद करके तीनों जगह का सारा माल अब आपके शहर रायपुर के गुरुतेग बहादुर हॉल में बेचा जा रहा है.



डोरमेट (कलरफुल व आकर्षक) मात्र 99/- में 4 पीस



कारपेट ही कॉरपेट
- 5X7 फुल साइज ● मखमली
- 3-D प्रिंट जिनकी होलसेल प्राइस 1000/- से 1500/- है, सेल से ले जाये

मात्र 299/- में



कॉटन टॉवेल (फुल साइज) मात्र 99/- में



चादरें (डबल बेड की) फ्लोरल, 3-D प्रिंट मात्र 149/- में

FREE PARKING

# गुरुतेग बहादुर हॉल

FREE ENTRY

गढ़कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर

ध्यान देवें : पहले आए - पहले पायें. भारी भीड़ को देखते हुए सेल सुबह 8:00 बजे खोल दी जाएगी

sumit







360 View Camera | Head Up Display | 22.86cm SmartPlay Pro+ | 6 Airbags^ | In-built Suzuki Connect

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- SUZUKI-TECT BODY
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ESP
- SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
- ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

**BENEFITS UP TO ₹ 57 000***

Know more about The New Age Baleno | Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160), **NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG**: **NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR**: **NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

*T&C apply. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till 15th July'24 or till stocks last. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Creative Visualization. ^For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual.

## जैकेट के शेष

### सात माह में ....

जा रहा है। चार महीने पहले होली के त्यौहार के दौरान प्रदेश में बिकने वाले खाने-पीने के सामानों में जमकर मिलावट की गई थी। उस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा अपने सीमित संसाधन की मदद से रेंडम चेकिंग कर सैंपल उठाए गए थे, जिसकी रिपोर्ट कुछ समय पहले ही आई है। इसमें खाद्य पदार्थों के अमानक होने की पुष्टि हुई है। त्यौहार के अलावा सामान्य दिनों में भी बिकने वाले खाने-पीने के सामान गुणवत्ताहीन हैं। इन पर लगाम कसने के लिए विभागीय स्तर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बीते सात महीने में जांच के लिए 1246 सैंपल लिए गए, जिनमें से 580 की जांच पूरी हो चुकी है। इनमें से 83 सैंपल अमानक पाए गए हैं। 666 सैंपलों की रिपोर्ट परखने का काम अभी प्रक्रियाधीन है। मुख्यालय के अफसरों के अनुसार जांच में जो सैंपल अमानक पाए गए हैं उस संस्था को संबंधित जिला स्तर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सुनवाई के लिए पेंडिंग मामले** : खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा अपने सीमित टीम के साथ कार्यवाही तो करती है मगर सब स्टैण्डर्ड पाए जाने वाले खाद्य पदार्थों के मामले में कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही सुनवाई की वजह से अधूरी रह जाती है। आंकड़ों के अनुसार अभी एडीएम कोर्ट लगभग 300 और सीजेएम के न्यायालय में 230 प्रकरण सुनवाई के लिए पेंडिंग पड़े हुए हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामलों में जुर्माने से लेकर तीन साल तक सजा का भी प्रावधान है।

**वेज-नॉनवेज एक किचन में** : हाल ही में राजधानी के अशोक बिरयानी सेंटर में वेज-नानवेज एक ही जगह रखने और दोनों के मिक्स होने का मामला सामने आया था। इस मामले में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है और किचन को अलग कराने की कार्यवाही पूरी की है। इसकी जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

**तेल का दोबारा उपयोग रोकने अभियान** : तेल का दोबारा उपयोग रोकने के लिए भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कारोबारी को एक निर्धारित शुल्क का भुगतान कर रीयूज्ड तेल संग्रहित किया जा रहा है। अफसरों के अनुसार छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9407646904 या 7880161532 पर संस्थान की पूरी जानकारी के साथ कॉल या व्हाट्सएप मैसेज कर सकते हैं। इसके लिये टोल फ्री नंबर 18008903841 भी जारी किया गया है।

**बीमारियों का खतरा** : हार्ट सर्जन डॉ कृष्णकांत साहू के अनुसार खराब तेल के उपयोग से बनाये जाने वाले फ़ूड नसों में ब्लॉकेज का कारण बन सकते हैं। खाद्य पदार्थ को चमकदार एवं आकर्षक दिखाने रंगों का उपयोग किडनी और लिवर को नुकसान पहुँचाता है। एमडी चिकित्सक डॉ विनय वर्मा के अनुसार मिल्क प्रोडक्ट में मिलने वाले फैट कोलेस्ट्रॉल का कारण बन सकता है। इससे बीपी-शुगर की समस्या सहित केंसर का जोखिम भी हो सकता है।

### गुणवत्ता पूर्ण खाद्य .....

अन्य लोगों को इसके बारे ट्रेनिंग भी दी जा रही है। सैंपल की रिपोर्ट में जो मामले अमानक पाए गए हैं उन्हें संबंधित न्यायालय में पेश किया जाएगा। कोशिश यह भी की जा रही है कि प्रकरणों की सुनवाई पेंडिंग ना रहे। खाद्य तेलों के लगातार उपयोग से विभिन्न बीमारी होने का खतरा होता है इसलिए रुको के माध्यम से ऐसे तेल को संग्रहित करने का प्रयास कर रहा है।

### सीएम ने मांगा ....

**केंद्र से अधिक से अधिक सहायता दिलाने का प्रयास- पनगढ़िया** : केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द पनगढ़िया ने संवाददाताओं से चर्चा में छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति की रफ्तार की प्रशंसा करते हुए कहा, प्रदेश में तेजी से प्रगति हो रही है। छत्तीसगढ़ की आवश्यकताओं को लेकर यहां के मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधियों से चर्चा हुई है। केंद्र सरकार से राज्य को अधिक से अधिक सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। यहां के अधिकारियों ने राज्य के प्रगति के लिए आवश्यकताओं के बारे विस्तार से जानकारी दी है। उन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार को सुझाव देंगे। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में राजकोषीय स्थिरता के साथ आर्थिक वृद्धि एवं सामाजिक सूचकांकों में तेजी से सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के संबंध में कहा कि यहां का सबसे बड़ा संसाधन मानव शक्ति है।

### कर लीकेज समाप्त ....

प्रयास कर रहे हैं। वित्तमंत्री ने केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा केन्द्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे के मापदंडों के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उप मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी वित्त आयोग के समक्ष अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

### वन मंत्री केदार ....

देर रात राज्यपाल के नाम से मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिसूचना जारी की। यहां यह बताना लाजिमी है कि विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने वाला है। 22 से सत्र की शुरुआत होगी। कांग्रेस ने सत्र शुरू होने से पहले संसदीय मंत्री नहीं होने का मसला उठाया था। संभावना थी कि सरकार सत्रारंभ से पहले इसका फैसला कर लेगी और हुआ भी यही।

### दुर्ग में अस्पताल ....

डिलीवरी का रिकॉर्ड बनाया है।

**जटिलता भी आती रही** : जिला अस्पताल दुर्ग के सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसी भी जिला अस्पताल या निजी अस्पताल में केवल ढ़ाई साल की अवधि में 100 जुड़वा बच्चों का प्रसव नहीं हो पाया है, इसलिए दुर्ग जिला अस्पताल का यह रिकार्ड है। उन्होंने बताया कि जुड़वा बच्चों के इन प्रकरणों में आधे से ज्यादा प्रसव काफी जटिल थे जिसे डॉ. विनीता ध्रुव की टीम ने चुनौती के रूप में लिया और उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाया।

### रिस्क फैक्टर ज्याता ....

रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्जवला देवांगन का मार्गदर्शन, एनेस्थेसिया एक्सपर्ट डा्. पूजा वर्मा, डॉ. विभा साहू,सिस्टर ज्योति, रचना, सरस्वती, वर्षा आदि का योगदान भी रहा है।

### ज्वेलरी शॉप के ....

11 बजे घर वापस लौटने के बाद सोए हुए थे। घायल पुत्र ने पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि रात में लगभग ढाई बजे जब बाथरूम जाने उठा था। तभी बगल की ज्वेलरी की दुकान के पीछे चार लोग संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। आवाज देने पर उन्होंने मुझे बाथरूम के पास पिटाई की। हाथ-पैर बांधकर बाथरूम में मरा हुआ जानकर छोड़ दिया। इसी दौरान आवाज सुनकर बड़ा भाई और मां भी उठे, जिन पर उन्होंने हथौड़े जैसे हथियार से हमला किया, जिससे दोनों की मौत हो गई।

### भीम सिंह पॉवर ....

के बाद श्री कंवर ने गुरुवार शाम को ही पॉवर कंपनी के डगनिया मुख्यालय पहुंचकर पदभार भी ग्रहण कर लिया है। श्री कंवर ने मुख्यालय में पॉवर कंपनी के अध्यक्ष और ऊर्जा सचिव पी. दयानंद से पहले मुलाकात की। इसके बाद श्री कंवर से पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात करके उनको एमडी बनने पर बधाई दी।

## पेज एक के शेष

### पूर्व अग्निवीरों के...

मीडिया से बात करते हुए बताया, भविष्य में रेलवे सुरक्षा बल में कांस्टेबल पद के लिए होने वाली सभी भर्तियों में पूर्व पुलिसकर्मियों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण होगा। आरपीएफ पूर्व अग्निवीरों का स्वागत करते हुए बहुत उत्साहित है। इससे बल को नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी तथा मनोबल बढ़ेगा।

### इधर, छत्तीसगढ़ का...

नासिक में 8 महीने प्रशिक्षण के बाद जयपुर साटा बटालियन में अक्टूबर 2023 को उसकी पदस्थापना हुई थी। होली पर राकेश अपने गांव छुट्टी पर आया हुआ था लेकिन वापसी होने के बाद अपने घर परिवार वालों से मोबाइल संपर्क पर रहा, अचानक उसका मोबाइल बंद हो गया। जिसके बाद से परिवार वालों का उससे संपर्क टूट गया था। युवक के परिजनों ने जयपुर के अधिकारियों से संपर्क किया तब वहां के अधिकारियों ने उन्हें फोन के माध्यम से बताया कि वह सेंटर से दीवार फांदकर भाग गया है और उसकी फाइल नासिक भेज दी गई है। इसलिए वह नासिक में सपर्क करें। इधर परिवार के लोग अपने बेटे की लगातार पतासाजी कर रहे हैं लेकिन कोई भी पता नहीं चल रहा है।

### एसपी से मिले...

करने की बात कही है। वहीं परिवार के लोग बेहद परेशान हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि परिवारजनों की शिकायत प्राप्त हुई है। सायबर सेल से लेकर हर तकनीकी मदद के सहारे से पुलिस इस मामले में खोजबीन करेगी। इसके अलावा संबंधित स्थानों के पुलिस अफसरों से भी संपर्क कर इस मामले में सहयोग लेकर काम करेंगे।

### पुलिस की नोटिस के...

में याचिका लगाकर सही जांच की मांग की है। बलौदा बाजार में दस जून 2024 को कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ और आगजनी कांड में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को पूछताछ के लिए बलौदा बाजार पुलिस ने नोटिस जारी किया था। बलौदा बाजार के कोतवाली थाना प्रभारी ने नोटिस में लिखा था कि 10 जून को बलौदा बाजार दशहरा मैदान में आपके द्वारा दिए गए भाषणों के बारे में आपको जानकारी है, जिसके परिणाम स्वरुप बलौदा बाजार में आपराधिक घटनाक्रम घटित हुआ। घटना के बारे में बारीकी से पूछताछ के लिए आपकी उपस्थिति कोतवाली थाने में सुबह 10:00 बजे जरूरी है। आपकी अनुपस्थिति को अनुसंधान में असहयोग माना जाएगा।

### किसलिए बुला रहे इसका...

जानकारी सामने आई कि विधायक देवेंद्र यादव ने मामले में हाईकोर्ट में पिटीशन दायर किया है। पिटीशन को लेकर देवेंद्र यादव ने कहा है कि सरकार सीबीआई जांच की जगह निर्दोष के ऊपर कार्रवाई कर रही है,उच्च न्यायालय से हमने सही जांच की मांग की है। न्यायालय का जैसा निर्णय रहेगा उसका पालन करेंगे। याचिका में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि नोटिस में कहीं नहीं लिखा गया है कि किस लिए बुलाया जा रहा है। क्या कारण है बुलाने का। इन सभी मामलों को लेकर याचिका लगाई गई है, उनका जो भी फैसला रहेगा उसे हम मानेंगे।

### नीट पर अब भी...

मिली है। पटना और कोलकाता में उससे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के बाद आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। राकेश रंजन उर्फ रॉकी रांची में होटल चलाता है और संजीव मुखिया का भांजा है। पेपर लीक होने के बाद उसे हल करने के लिए रॉकी ने ही सॉल्वर्स का जुगाड़ किया था। रांची और पटना के एमबीबीएस छात्रों का सॉल्वर्स के तौर पर इस्तेमाल किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, रॉकी दरअसल संजीव मुखिया का बड़ा राजदार भी है।

### 12 साल के बच्चों...

हुआ, जब पुलिस ने नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया और उसने पूछताछ की। लड़की तीसरी कक्षा की छात्रा थी और दो आरोपी (12 साल) छठी कक्षा के छात्र हैं। एक आरोपी (13 साल) 7वीं कक्षा का छात्र है और लड़की और आरोपी एक ही स्कूल में पढ़ रहे थे। नाबालिगों ने बच्ची का रेप कर उसकी हत्या करने के आरोप को स्वीकार कर लिया है। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लड़की को पार्क में खेलते हुए देखा और उसके साथ खेलने लगे। इसके बाद वो मुचुमरी डैम के पास एक सुनसान जगह पर उसे ले गए। पहले उन्होंने उसका रेप किया और वो इस बात से डर गए कि कहीं लड़की अपने माता-पिता को इस बारे में कुछ न बता दे। इस वजह से उन्होंने लड़की की हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस नहर से अब तक शव को बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस ने बताया कि खोजी कुत्ते के जरिए आरोपियों की तलाश शुरू की तो कई अहम सुराग मिले, जिसके कारण तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुत्ता पुलिस को घटना स्थल तक ले गया और आरोपियों के घरों पर भी रुका।

### दुनिया भर के ...

आफ वर्ल्ड रिकार्ड एवं जीनियस वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारियों की टीम भी यहां मौजूद रहेंगी। यह जानकारी तीन अलग-अलग विधाओं में वैश्विक कीर्तिमान बनाने वाले कार्यक्रम के संयोजक जादूगर कुमार उर्फ इंजीनियर कुलदीप मिश्र ने देते हुए बताया कि भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के तत्वावधान में अयोध्या में दो दिवसीय जादू समागम 2024 का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 13 व 14 जुलाई को होगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को लेकर राम संकल्पना ट्रस्ट के अध्यक्ष व बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज के माध्यम से चार महीने पहले पहल की गई थी।

## राशिफल

**मेष**: नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष**: मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन**: यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क**: स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह**: रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या**: भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला**: आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक**: परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

**धनु**: खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर**: कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**: अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन**: आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

## 'राष्ट्र प्रथम' जीवन का उद्देश्य : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की और 'राष्ट्र प्रथम' को अपने जीवन का उद्देश्य बताते हुए उनसे इस यात्रा में अपने साथ चलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों से 'उत्प्रेरक एजेंट' बनने की आकांक्षा रखने की अपील की और कहा जब वे अपनी आंखों के सामने बदलाव होते देखेंगे तो उन्हें संतुष्टि महसूस होगी। राजधानी दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में प्रधानमंत्री ने उन 181 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिन्हें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात किया गया है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने खाली किया सरकारी बंगला

**नई दिल्ली।** हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में अमेठी से हारने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने लुटियंस दिल्ली में 28 तुगलक क्रिसेंट स्थित अपना आधिकारिक बंगला खाली कर दिया है। स्मृति ईरानी ने इस हफ्ते की शुरुआत में बंगला खाली कर दिया था। वह कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा से अमेठी संसदीय सीट पर 1.5 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हार गई थीं। पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री ने 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी सीट से हरा दिया था।

# दिल्ली, पंजाब के बाद अब गुजरात में मची नागरिकता छोड़ने की होड़

**डबल हुई पासपोर्ट सरेंडर करने वालों की संख्या**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात में रहने वाले लोगों में भारत की नागरिकता छोड़ विदेश में बसने की घटनाएं बढ़ रही हैं। एक साल में पासपोर्ट सरेंडर करने वालों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। जनवरी 2021 से 1187 लोगों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है। 2023 में 485 पासपोर्ट सरेंडर किए गए जो 2022 में सरेंडर किए गए 241 पासपोर्ट की संख्या का डबल है। एक इंग्लिश अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्पल पटेल नाम के एक शख्स ने 2011 में अहमदाबाद छोड़ा था। वो उत्तरी कनाडा में पढ़ने के लिए गए थे और 2022 तक उत्पल ने कनाडा की नागरिकता ले ली और 2023 तक अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर कर दिया। गुजरातियों में इस तरह की प्रवत्ति में बढ़ावा देखने को मिला है। लोकल पासपोर्ट ऑफिस के आंकड़ों के मुताबिक, सूरत, नवसारी, वलसाड़ और नर्मदा सहति दक्षिण गुजरात के इलाके में लोग अपना पासपोर्ट सरेंडर कर रहे हैं। मई 2024 में ये आंकड़ा 244 पर पहुंच चुका है।



### संसद के आंकड़ों से भी मिलता है बल

संसदीय आकंड़े इसका समर्थन करते हुए दिखाई देते हैं, जिसके मुताबिक, 2014 से 2022 के बीच गुजरात के 22 हजार 300 लोगों ने अपनी नागरिकता त्यागी है। सबसे ज्यादा दिल्ली के 60 हजार 414 और पंजाब के 28 हजार 117 लोगों के बाद तीसरे नंबर गुजरात का नंबर आता है। खासतौर कोविड पीरियड के बाद इसमें ज्यादा इजाफा हुआ। एक अधिकारी ने नाम का खुलासा न करते हुए बताया कि ज्यादातर युवा पढ़ाई के मकसद से विदेश जाते हैं और बाद में वो वहीं बस जाते हैं। वहीं, पासपोर्ट सलाहकाल रितेश देसाई ने कहा कि उम्मीद है कि 2028 तक पासपोर्ट सौंपने वालों की संख्या में भारी इजाफा होगा क्योंकि विदेश पहुंच चुके लोग वहां की नागरिकता पा रहे हैं।

# अदालत ने ड्राइवर को 14 दिन की हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में हर दिन नई बातें, नए खुलासे निकलकर सामने आ रहे हैं। मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने पहले ही अपना गुनाह कबूल कर लिया है तो दूसरी तरफ उनके परिवार के ड्राइवर, राजरिशि बिदावत ने 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बिदावत को प्रमुख महानगरीय न्यायाधीश एसपी भोसले के समक्ष पेश किया। दरअसल, 11 जुलाई को बिदावत की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। पुलिस ने अदालत से अनुरोध किया कि बिदावत की न्यायिक हिरासत को बढ़ाया जाए। पुलिस ने कहा कि इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच अभी भी जारी है। इसके बाद अदालत ने बिदावत को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उधर मुख्य आरोपी मिहिर शाह को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। मिहिर शाह को 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में रखा जाएगा। हालांकि, मिहिर के पिता राजेश शाह भी इस मामले में एक अन्य आरोपी हैं और वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।


**कार्यालय प्राचार्य, श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, गोबरा नवापारा, ग्राम तर्री, पोस्ट पटेवा (व्हाया राजिम- 493885) जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़)**
Web Site: www.gcgn.in, E-mail: govt.gnr.college@gmail.com

क्र.389/ स्था. / 2024 गोबरा - नवापारा, दिनांक 10/07/2024

//अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन//

शासकीय महाविद्यालय श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, गोबरा-नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :- विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट www.gcgn.in में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(श्री एस.आर.वड्डे)
प्र. प्राचार्य
श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय गोबरा-नवापारा
जिला-रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला- बिलासपुर (छ. ग.)**

क्र./ 916 / न.पं. / 2024 - 25 मल्हार, दिनांक 11/07/2024

// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

न.पं. मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु CGPWD ROAD & BUILDING SOR - 01.01.2015, ELECTRICAL SOR 01.06.2020, PHE SOR 01.06.2020 अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 155989 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य नवोदय विद्यालय में वार्ड क्रमांक-1 मल्हार कार्य (CGPWD ROAD & BUILDING SOR - 01.01.2015, ELECTRICAL SOR 01.06.2020, PHE SOR 01.06.2020) (RS. 40.18Lac) | 11.07.2024 17:00 बजे से | 02.08.2024 / 17:30 बजे तक | 07.08.2023 / 16:00 बजे | 12.08.2024/ 11:00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म / ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

- :: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे ::-

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार



**STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED**
Bhilai Steel Plant
सेल SAIL Bhilai - Dist. Durg, Chhattisgarh, India, 490001

EXTENSION OF DATE
Ref. Advt. No. BSP-04/24-25, Dt. 25/05/2024
NIT No :- NIT No. CCNW/PR1130023555/EP 2024300007
Name of the Work: TENDER/ AUCTION OF SHOPS/ PLOTS IN BSP TOWNSHIP FOR ALLOTMENT ON LICENSE BASIS

Bid Document Download Start date & time : 22.05.2024, 16:00:00
Bid Document Download End date & time : 20.07.2024 11:00:00
Bid submission Closing Date & Time : 20.07.2024, 13:00:00
Bids Opening Date & Time : 22.07.2024, after 11:00:00

All other things in the Notice Inviting Tender remain the same. Tender Documents can be downloaded through SAIL Website www.sailtenders.co.in and Bidder can also contact Tender Opening Cell Department, Ground Floor, Ispat Bhawan, Bhilai Steel Plant, Bhilai between 3:00 PM to 5:00 PM (Except Sunday & Holiday) for soft copy of Tender Document.

- GM I/c (Contract Cell- Non Works)

Advt. No. BSP-04 (Extn.-2)/24-25, Dt. 11/07/2024
Registered Office: Ispat Bhawan, Lodi Road, New Delhi 110 003
Corporate Identity Number: L27109DL1973GO1006454, Website: www.sail.co.in
There's a little bit of SAIL in everybody's life



**कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग**
Email ID: durgmc2019@gmail.com Phone :- 0788-2322148

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/242/लो.क.वि./2024 दिनांक 11.07.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | सड़क सुरक्षा हेतु राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग में रेनोवेशन कार्य System No. 155986, Dated-11-07-2024 | 88.47 लाख | 11.07.2024 से 01.08.2024 खोलने की तिथि 05.08.2024 |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http:// eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2024/143/66A भिलाई दिनांक 09/07/2024

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर सिस्टम क्र. 155503, 155525, 155590, 155601 आमंत्रित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त करते हुए पुनः ई-टेंडर आमंत्रित की जा रही है, जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है। जो निम्नानुसार है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | BID Due की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन क्र.-02 में हुडैक सेल अंतर्गत वार्ड क्र.-21, 22, 24, एवं 25 में जल कार्य संचालन कार्य हेतु श्रमिक रखने बाबत्। (द्वितीय निविदा) | 155853 | 45.06 | 08.07.2024 से 23.07.2024 तक | 25.07.2024 |
| 2. | रामनगर मुक्तिधाम परिसर में रखरखाव कार्य। (वार्षिक कार्य) | 155866 | 24.90 | 09.07.2024 से 30.07.2024 तक | 01.08.2024 |
| 3. | जोन 02 अंतर्गत स्थापित पावर पंप का संधारण कार्य। | 155868 | 35.25 | 09.07.2024 से 30.07.2024 तक | 01.08.2024 |
| 4. | विद्युत संधारण हेतु अर्द्धकुशल एवं लोक कर्म संबंधित कार्यो हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य। | 155877 | 44.90 | 09.07.2024 से 30.07.2024 तक | 01.08.2024 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथपत्र एवं EMD प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्तें, धरोहर राशि वितृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**जोन आयुक्त,** (जोन-02), नगर पालिक निगम, भिलाई



**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL PALLARI DISTT- BALODABAZAR-BHATAPARA (C.G.)**
फोन- 07727-271344 Email-ID- cmonppallari@rediffmail.com

NIT No./985/E-Tender/PWD/2024 Pallari Dated 10/07/2024

E-Procurement Tender Notice
(First Call)
Main Portal:http//eproc.cgstate.gov.in

| S. N. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 155948 | Selection of Placement Agency for Supply of Labour on different categories (Skilled, Semiskilled, Unskilled) for FY 2024-25 | 52.27 Lacs |

The detail can be viewed and downloaded online directly from the government of Chhattisgarh e-procurement portal http://eproc.cgstate.gov.in date 10/07/2024 time 05:30 PM Hours (IST) on ward & last date for online bid submission date 30/07/2024 time 5:30 PM Physical Doc. Submission end date 02/08/2024 Time 5:30 PM.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Pallari


## शब्द पहेली - 5569



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5568 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5580

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5579 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# नो प्रॉब्लम! हम सही-सलामत घर आ जाएंगे

## स्पेस स्टेशन से सुनीता विलियम्स ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, दिया पहला मैसेज

*सुनीता विलियम्स को हफ्तों पहले ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से लौट आना था. हालांकि, वह और उनके साथी नासा एस्ट्रोनॉट - बुच विल्मोर- 13 जून से आईएसएस पर फंसे हैं। बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में बैठकर गए एस्ट्रोनॉट्स की वापसी यान में खराबी के चलते टल रही है।*

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

तमाम आशंकाओं के बीच, सुनीता और विल्मोर ने स्पेस स्टेशन से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में उन्होंने खराबी के बावजूद अपनी वापसी की आशा व्यक्त की। दोनों ने अपने मिशन के अप्रत्याशित विस्तार को लेकर शिकायत नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें स्टेशन चालक दल की सहायता करने में मजा आ रहा है। विलियम्स ने संवाददाताओं को आश्वासन देते हुए कहा, 'मेरे दिल में यह भावना है कि अंतरिक्ष यान हमें घर ले आएगा, कोई समस्या नहीं।' दोनों अंतरिक्ष यात्री 5 जून को एक फ्लाइट टेस्ट के तहत कक्षा में गए थे। शुरुआत में ये मिशन आठ दिनों तक चलने वाला था।

### 13 जून से आईएसएस पर फंसे हैं सुनीता और उनके साथी विल्मोर

दोनों अंतरिक्ष यात्री 5 जून को एक फ्लाइट टेस्ट के तहत गए थे कक्षा में



### स्टारलाइनर प्रोजेक्ट में होती रही देरी

मिशन के विस्तार ने आईएसएस चालक दल के साथ सहयोग करने और स्टारलाइनर की क्षमताओं का और परीक्षण करने का अतिरिक्त अवसर दिया। नासा ने एक दशक पहले स्टारलाइनर और स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल के विकास का काम शुरू किया था, जिससे आईएसएस से अंतरिक्ष यात्रियों की उड़ान को सुविधाजनक बनाया जाना था। इसके लिए प्रत्येक कंपनी में अरबों डॉलर का निवेश किया गया था। स्पेसएक्स ने अपना पहला चालक दल वाला अंतरिक्ष यान 2020 में लॉन्च किया था। वहीं बोइंग की उड़ान को सॉफ्टवेयर और अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण देरी का सामना करना पड़ा।

### तूफान को चक्रवात बनते देखा

*सुनीता विलियम्स ने स्पेस में एक हैरान करने वाली चीजें देखी हैं। उन्होंने कक्षा से एक छोटे तूफान को चक्रवात बनते देखा है। विलियम्स और बुच विल्मोर ने प्रेस से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अफ्रीका के पश्चिमी तट पर तूफान को विकसित होते देखा, जो बाद में टेक्सास को प्रभावित करने वाले शक्तिशाली तूफान बेरिल में बदल गया। उन्होंने कहा, 'मैंने वास्तव में एक तूफान की तस्वीर ली थी जो चक्रवात बनने से डेढ़ सप्ताह पहले अफ्रीका के पश्चिमी तट पर था और मुझे यकीन है कि यही बाद में तूफान बेरिल बन गया।'*

## खबर संक्षेप

### आप सांसद संजय सिंह ने यूपी की कोर्ट में किया सरेंडर



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को 2021 में कोविड-19 मानदंडों के उल्लंघन से संबंधित एक मामले में सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट के समक्ष सरेंडर किया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी. उनके अधिवक्ता मदन प्रताप सिंह ने बताया, "संजय सिंह ने अदालत द्वारा जारी जमानती वारंट के अनुपालन में यहां एमपी/एमएलए

### अयोध्या में बड़े पैमाने पर जमीनों की लूटपाट

**नई दिल्ली।** अयोध्या में भारी पैमाने पर जमीन की खरीद फरोख्त के आरोप लग रहे हैं। वहीं अब इस मामले पर समाजवादी पार्टी के फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे देश में अयोध्या के नाम पर राजनीति की है और व्यापार किया है। अयोध्या में बहुत बड़े पैमाने पर जमीनों की लूटपाट हुई है।

# कठुआ हमला : हिरासत में लिए गए 26 संदिग्ध, जंगल में उतरे पैरा कमांडो

**आतंकियों पर करारे प्रहार की तैयारी**

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों से आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। जिससे सुरक्षा बल भी मुस्तैद नजर आ रहे हैं। जम्मू में कठुआ जिले के माचेडी-बिलावर इलाके में सेना पर आतंकियों ने पहाड़ी जंगलों से घात लगाकर हमला किया था। मगर सेना के जवानों ने भी उनकी चाल को नाकाम करते हुए अंधाधुंध फायरिंग की थी। सेना के जवानों ने आतंकियों पर 5000 से ज्यादा गोलियां बरसाईं, जिससे आतंकी मौके से भागने के लिए मजबूर हो गए थे। वहीं जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के माचेडी-बिलावर इलाके के कम से कम 26 निवासियों को सोमवार को दो ट्रकों वाले सैन्य गश्ती दल पर हुए घातक हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जिसमें 22 गढ़वाल राइफल्स के पांच जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



**खास बातें**

- एनआई की टीम जांच में कर रही पुलिस की सहायता
- जैश समर्थित कश्मीर टाइगर्स ने ली है हमले की जिम्मेदारी

### बीहड़ इलाकों और जंगलों की तलाशी

एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए की एक टीम घात स्थल पर पहुंच गई है और जांच में पुलिस की सहायता कर रही है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और पैरा कमांडो के जवान आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र के बीहड़ इलाकों और जंगलों की तलाशी ले रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई भी पकड़ा या मारा नहीं गया है। भारी बारिश ने ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के जरिए हवाई निगरानी को मुश्किल बना दिया है।

### लोकल लोगों से की जा रही पूछताछ

पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक सहयोगी समूह कश्मीर टाइगर्स ने घात लगाकर किए गए हमले की जिम्मेदारी ली है। सूत्रों ने कहा कि स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है कि क्या उन्होंने घात लगाने से पहले आतंकवादियों को देखा था या उन्हें कोई सहायता प्रदान की थी। अधिकारियों ने लोगों को आश्रय, भोजन प्रदान करने या आतंकवादियों को छिपने और क्षेत्र से बिना पहचाने जाने में मदद करने के खिलाफ चेतावनी दी है।

### घटनाओं के जोड़े जा रहे तार

अधिकारियों ने बदनोटा गांव के पास घात लगाकर किए गए हमले की घटनाओं को एक साथ जोड़ना शुरू कर दिया है। जहां और ज्यादा फोर्स के पहुंचने से पहले दो घंटे से अधिक समय तक लगातार गोलीबारी हुई थी। माना जा रहा है कि तीन लोगों के समूह में आतंकवादियों ने पहाड़ी पर दो जगहों पर खुद को छिपा लिया और घने जंगल में छिपकर सैनिकों को ग्रेनेड और गोलियों के हमले से चौंका दिया। जब ट्रक दोपहर 3.30 बजे माचेडी-किंडली-मल्हार रोड पर एक मोड़ पर पहुंचे थे, तभी उन पर भारी गोलीबारी की गई थी। भारी गोलीबारी का सामना करने के बावजूद, सैनिकों ने अधिक हताहतों को रोकने और आतंकवादियों को उनके हथियार छीनने से रोकने के लिए लगातार गोलीबारी की। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना के गढ़वाल रेजिमेंट के सैनिकों ने आतंकवादियों पर 5,189 राउंड की बौछार की, जिससे उन्हें घटनास्थल से भागने पर मजबूर होना पड़ा।'

### जम्मू-कश्मीर और पंजाब के डीजीपी ने की बैठक

गुरुवार को जिला पुलिस लाइन कठुआ में जम्मू कश्मीर डीजीपी आरआर स्वैन, पंजाब के डीजीपी सहित सेना और खुफिया एजेंसियों के आला अधिकारी बैठक करने के लिए पहुंचे। सूत्रों का कहना है कि एजेंसियां आपस में समन्वय मजबूत करने के लिए चर्चा की। आतंकी हमलों को रोकने और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर मंथन हुआ।

## एमएलसी चुनाव आज, कड़ा मुकाबला

# महाराष्ट्र में फिर एनडीए और इंडिया आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में एक बार फिर एनडीए बनाम इंडिया अलायंस के बीच मुकाबला होने जा रहा है। शुक्रवार को होने जा रहे महाराष्ट्र विधान परिषद (एमएलसी) चुनावों में दोनों एक दूसरे को मात देने की कोशिश करेंगे। मुकाबला इसलिए भी रोचक हो गया है, क्योंकि 11 सीटों पर 12 प्रत्याशी मैदान में उतार दिए गए हैं। मैच को अपने पाले में करने के लिए खिलाड़ी मोर्चे पर तैनात कर दिए गए हैं। इस मुकाबले को सत्ता का सेमीफाइनल इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि नतीजों से पता चलेगा कि सरकार में काबिज बीजेपी के नेतृत्व वाली महायुति एकजुट है, या उसके कुछ विधायक खिसक रहे हैं।

- अजीत गुट के विधायकों पर सबकी नजर



सबसे ज्यादा निगाह अजीत पवार गुट के विधायकों पर होगी। एनडीए को सबसे डर इस बात का है कि कहीं अजीत पवार खेमे के कुछ विधायक पाला बदल सकते हैं, क्योंकि उन्हें विधानसभा चुनाव में सत्ता में लौटने का भरोसा नहीं है। लोकसभा चुनाव में अजीत की पार्टी 4 सीटों पर लड़ी थी, लेकिन सिर्फ 1 सीट पर उन्हें जीत हासिल हुई थी। एनडीए में बीजेपी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी शामिल है, जबकि इंडिया ब्लॉक में कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना शामिल है।

### किसके पास कितने 'खिलाड़ी'

7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



**बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले



**मोनू** : यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू** : क्यों, क्या हुआ?
**मोनू** : क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

**-प्रियांश, रोहतक**

**पापा** : गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू** : कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

**-काव्या, रायपुर**

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर** : ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू** : कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

**-साकेत, दुर्ग**

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई ? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है ? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज



## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी

## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: D

## खबर संक्षेप

### बीएसएनएल दे रहा सबसे सस्ता प्रीपेड प्लान

नई दिल्ली। अगर आप एक ऐसा प्लान सर्च कर रहे हैं जो कम पैसे खर्च कर ज्यादा दिन की वैलिडिटी दे तो ऐसा प्लान आपको जियो, एयरटेल या वीआई नहीं सिर्फ बीएसएनएल में मिल सकता है। ऐसे में अगर आप दो सिम यूज करते हैं और दूसरे सिम को एक्टिव रखने के लिए एक अच्छा प्लान सर्च कर रहे हैं। एसएनएल के पास 107 रुपए का प्रीपेड प्लान है जो लंबी वैलिडिटी के साथ आता है।

# शहर के प्राइम लोकेशन में वीआईपी सिटी बना लोगों की पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अगर आप शहर के प्राइम लोकेशन में खुद की प्रॉपर्टी लेने का सोच रहे हैं तो रायपुर के नॉर्थ-ईस्ट में सड्डू स्थित वीआईपी सिटी में इनवेस्ट कर सकते हैं। सड्डू का एरिया शहर की नई पहचान बन गया है। अब इसकी गिनती सिटी के प्राइम लोकेशन में होती है।

एक समय ऐसा था, जब इसे शहर का आउटर माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं रहा। सड्डू के हर क्षेत्र में बेहतर सुविधाओं के साथ बसाहट बढ़ी है। जमीन, मकान और कमर्शियल प्रॉपर्टी की डिमांड बढ़ी है। इस एरिया में कई सरकारी और निजी कालोनियां डेवलप हो चुकी हैं। इनमें लोगों ने बड़ा निवेश भी किया है।

### सड्डू से कई सड़कें जुड़ी

सड्डू से कई नई सड़कें जुड़ गई हैं। जिनसे पंडरी मार्केट, स्टील मार्केट, बिलासपुर रोड, बलौदाबाजार रोड, नया रायपुर, आरंग रोड और एयरपोर्ट कुछ ही मिनटों पर पहुंचा जा सकता है। बाजार, मॉल, कमर्शियल सेंटर, होटल-रेस्टोरेंट, गेमिंग जोन, स्कूल, हॉस्पिटल और एजुकेशनल हब आदि पर्याप्त दूरी पर है। सड्डू में तीन बड़े अस्पताल भी आ रहे हैं। इसलिए यहां से शहर के सभी प्रमुख जगहों पर पहुंचना आसान हो गया है।

### प्लाट, विला, शॉप के विकल्प समेत कई सुविधाएं



VIP CITY
A City in The City

### 500 से ज्यादा परिवार निवासरत

वीआईपी सिटी में 500 से ज्यादा परिवार रह रहे हैं। 100 से अधिक मकान निर्माणाधीन हैं। भविष्य में टाउनशिप में तीन हजार से अधिक परिवारों की बसाहट होगी।

### टाउनशिप में हर तरह की सुविधा

वीआईपी सिटी करीब 300 एकड़ के क्षेत्र में फैली आधुनिक सुविधाओं वाली टाउनशिप है। यहां डेवलप रेसिडेंशियल प्लॉट, कमर्शियल प्लॉट, विला और शॉप आदि है। यह टाउनशिप कॉलोनी-इन-कॉलोनी कॉन्सेप्ट पर है। यहां अलग-अलग 12 सेक्टर्स हैं। कवर्ड कैंपस, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, 100 व 80 फीट की मेन रोड, 40 फीट की ब्रांच रोड, तीन साइड इंट्री गेट के अलावा टाउनशिप में मंदिर, गार्डन, क्लब हाउस और कवर्ड प्ले ग्राउंड जैसी सुविधाएं हैं।

## नई कर व्यवस्था में भी लाभ देने का दिया सुझाव

# बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा के लिए बजट में और कर छूट मिलने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेषज्ञों ने बजट से पहले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर छूट सीमा बढ़ाने तथा नई कर व्यवस्था में भी इसका लाभ देने का सुझाव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को 2024-25 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख नीतिगत दस्तावेज होगा।

- आयकर अधिनियम की धारा 80 डी के तहत कटौती

बीमा कंपनी फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनूप राऊ ने कहा कि देशभर में स्वास्थ्य देखभाल की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा पिछले नौ साल से अपरिवर्तित बनी हुई है।

### भारत में शुल्क सबसे ज्यादा

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एम-ताई) के अध्यक्ष पवन चौधरी ने कहा कि भारत में चिकित्सा उपकरणों पर लगाए गए सीमा शुल्क और कर दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह सीधे मरीजों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा, दूसरी ओर, सिंगापुर, हांगकांग, इटली और नॉर्वे जैसे देश इस तरह का कोई शुल्क नहीं लगाते हैं।



### आस्ट्रेलिया व जापान में न्यूनतम शुल्क

ऑस्ट्रेलिया और जापान केवल न्यूनतम 0.5 प्रतिशत शुल्क लगाते हैं, जबकि अमेरिका में यह दो प्रतिशत और चीन में तीन प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ऐसे में भारत में चिकित्सा उपकरणों के अधिक आयात का जोखिम है। इस तरह के व्यापार से देश के राजस्व में कमी आएगी।

### स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की जरूरत

राऊ ने कहा, 'यह सबसे अच्छा होगा यदि चिकित्सा बीमा की सीमा मुद्रास्फीति से जुड़ी हो और प्रत्येक एक-दो साल में खुद-ब-खुद इसमें संशोधन हो। साथ ही, नई कर व्यवस्था में भी स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की आवश्यकता है क्योंकि इसकी पहुंच बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इसीलिए, हमें उम्मीद है कि आगामी बजट में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर छूट सीमा में कुछ बढ़ोतरी की घोषणा की जाएगी।'

**कर्मचारियों को कम दरों पर हो पेशकश:** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी तपन सिंघल ने कहा कि कर्मचारियों को कम दरों पर स्वास्थ्य बीमा की पेशकश, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कमी और 80डी के तहत छूट सीमा में वृद्धि जैसे कर लाभ जैसे सुधार स्वास्थ्य बीमा को अधिक किफायती और सुलभ बनाएंगे।

## बिजनेस साइट

### प्रतियोगिता दर्पण का अगस्त अंक अब बाजार में उपलब्ध

आगरा। सिविल सर्विसेज, एसएससी, बैंक पीओ, यूजीसी नेट एवं आगामी अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सफल बनाने के लिए प्रतियोगिता दर्पण के वार्षिकांक के रूप में प्रकाशित अगस्त माह के अंक को बिक्री के लिए जारी कर दिया गया है।



इस अवसर पर संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि विश्व घटनाचक्र इस वार्षिकांक का प्रमुख आकर्षण है जिसका पाठकों को बहुत ही बेसब्री से इंतजार रहता है। इस वार्षिकांक में सिविल सेवा के लिए तैयारी की रणनीतियों से संबंधित अत्यंत आवश्यक अध्ययन सामग्री का भी समावेश किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न पत्र जैसे सिविल सेवा प्रा.राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी, यूजीसी-नेट/जेआरएफ आदि दिए गए हैं समग्र उपयोगी अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह वार्षिकांक निश्चित रूप से परीक्षार्थियों का उचित मार्गदर्शन करने में सहायक सिद्ध होगा।

### वर्षा ऋतु की बीमारियों से बचने बैद्यनाथ का आयुर्वेदिक उपचार

नागपुर। वर्षा ऋतु एक ऐसी ऋतु है जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। 3-4 माह की भयंकर गर्मी से आहत हर प्राणी शीघ्र वर्षा आएं ऐसी कामना करता है। वर्षा आते ही सभी जीव-जन्तुओं एवं पेड़-पौधों में नवजीवन का संचार हो जाता है, हरियाली छा जाती है। बारिश में यदि कोई व्यक्ति भीग जाता है तब सर्दी, खांसी, बुखार, अतिसार, मलेरिया इत्यादि रोग शीघ्र प्रकट होते हैं। वर्षा में हवा में नमी रहती है। मक्खी व मच्छर की अधिकता होती है, पानी दूषित होता है, फल एवं सब्जियां अच्छी नही मिल पाती इत्यादि कारणों से विभिन्न प्रकार के रोग प्रकट होते हैं। उनमें सामान्य रूप से होने वाले कुछ रोग एवं उनका आयुर्वेदिक उपचार बैद्यनाथ में वर्णित है। बैद्यनाथ कासामृत 2-2 चम्मच दिन में 3 बार लें। यदि खांसी ज्यादा हो तो सितोपलादि चूर्ण आधा-आधा चम्मच दो बार शहद के साथ लें। यदि बुखार तेज ठंड देकर आ रहा हो तो बैद्यनाथ महासुदर्शन घन वटी-टेबलेट सुबह-शाम पानी के साथ लें। भोजन में हल्का व पाचक खाना लें। पानी उबालकर पीएं, कभी-कभी दस्त आंवयुक्त होते है। ऐसी स्थिति में बैद्यनाथ अमीबिका टेबलेट सुबह-शाम पानी के साथ लेवें।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

Email : response.haribhoomi@gmail.com

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | |
| Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course | |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass, M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass, Paramedical Course - 12th pass (Bio), Pharmacy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

श्री बालाजी हॉस्पिटल

नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एवं फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-6278)

### टीचर

आवश्यकता है- इंग्लिश मीडियम स्कूल हेतु शिक्षक/शिक्षका की आवश्यकता है योग्यता- यूजी/ पीजी/ डीएड/ बीएड इच्छुक शीघ्र संपर्क करें:- उदय इंग्लिश मीडियम स्कूल छावनी- भिलाई मो.- 7470984997.(आर्ट नं 530)

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसीपल, क्लर्क, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में- केमिस्ट्री, बायो, साइंस, इंग्लिश, स्पोर्ट्स हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं ड्राईवर की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 15.07.2024 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कान्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.(RO-7495)

### दुकान/गोदाम कार्य

आवश्यकता है- अमलीडीह क्षेत्र में सेनेटरी हार्डवेयर दुकान/ गोदाम में काम करने के लिए 2 व्यक्ति, ई रिक्शा चलाने के लिए 1 ड्राइवर की आवश्यकता है मिलकर संपर्क करें, वाहेगुरु ट्रेडर्स, मेडिशाइन हॉस्पिटल के पीछे, न्यू राजेंद्र नगर 9174100009.(RO-4486)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में पुजारी फ्यूल्स राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ कार्य करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है मोबाइल - 8720050022.(RO-6024)

### ऑपरेटर/सेल्सकर्मी

आवश्यकता है- अनुभवी एकाउन्टेंट,कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्स मैन सेल्स गर्ल कार, टाटा एस ड्रायवर की आवश्यकता है। संपर्क:- पंडरी एल आई सी बिल्डिंग के सामने रायपुर छ.ग मो. 74897-70673, 98261-83500.(RO-995)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-5819)

### हाउसकीपिंग

आवश्यकता है- सिविल लाइन रायपुर बंगले में रसोइया महाराज,रसोइया सहायक एवं हाउसकीपिंग (पुरुष/महिला) की। बंगले में कार्य किए हुए व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। रहने की सुविधा। संपर्क करें:- 9109117063, 6232936927.(RO-946)

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

आवश्यकता है- फैक्ट्री में काम करने के लिए सेल्सगर्ल की। खुद की गाड़ी होनी चाहिए। संपर्क- 9977376616 लोकेशन- लक्ष्मी नगर पचपेड़ी नाका के पास संपर्क करने का समय -प्रात :10 से 02 बजे तक (RO-6823)

आवश्यकता है- ई- रिक्शा शो रूम में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार (संपर्क करण मोटर्स,स्टेशन रोड,तेलघानी नाका,गुरुद्वारे के पास,रायपुर । मोबाइल - 9826777050.(RO-155)

क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-974)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद हो जियारी डिपो जय हिंद हो जिया रे मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 930018811.(RO-4437)

### एडवोकेट

APPOINTMENT- A Reputed Construction Company required Full time Advocate having experience person for Legal, Land & Criminal case (Male/Female). Suitable candidates may please contact and send their resume to AMAR INFRA-STRUCTURE LTD., Mahesh Nagar, Durg (C.G.) Ph. No. 0788-2210721, E-mail- jobs.amarinfra@gmail.com(आर्ट नं 138)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। तुरंत संपर्क करें- रायपुर की कृषि केंद्र - शॉप नंबर 124 एस के प्लाजा बॉम्बे मार्केट रायपुर(RO-1618)

आवश्यकता है- तेलीबांधा, रायपुर के पास ऑटोमैटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलु कार ड्रायवर की आवश्यकता है। संपर्क करें-7470421407.(RO-1224)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### घरेलु/कुक कार्य

आवश्यकता है- बी.आई.पी चौक लाभांडी रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरुष / महिलाएं चाहिए । पान, गुटका, तंबाकू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें-: 9300593000. (RO-1222)

### हेल्पर

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास, रावाभाठा, रायपुर, 7471176423(RO-34747)

### ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद कमाएं 20000 से 25000 रहना फ्री सम्पर्क करें- 9669725906, 6268044316.(RO-bsp)

आवश्यकता है- इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 6264337469, 7880003190(RO-34749)

### टेक्नीशियन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के स्मार्ट मीटर ठेका कार्य में स्मार्ट मीटर लगाने हेतु वर्षा इंटरप्राइजेस को टेक्नीशियन और कंप्यूटर ऑपरेटर (FEMALE / MALE) की आवश्यकता है। मो.- 79742-19683, 90981-80105, 91310-43407.(आर्ट नं 534)

### मार्केटिंग

आवश्यकता है- शिव शक्ति एंटरप्राइजेस ट्रांसपोर्ट नगर सिकोला भाटा दुर्ग में मेहनती लड़के/ लड़कियों की सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें 7000169593. (RO-298)

### मजदूर/सुरक्षागार्ड

आवश्यकता है- तुरंत चाहिए आरंग टोल प्लाजा में 40- मजदूर, 20- सुरक्षागार्ड,20-पुरुष, वेतन 10000/-, PF, ESI साप्ताहिक अवकाश सहित संपर्क- 9329280863, 0788-3556724.(RO-531)

### वर्क फार्म होम

आवश्यकता है- वर्क फ्रॉम होम सुनहरा अवसर घर बैठे हाउसवाइफ ,जॉब पीपल , बिजनेसमेन और दिव्यांग भाई बहन ऑनलाइन वर्क से कमाए 1000 से 2000 रुपये तक प्रतिदिन संपर्क करे - 8109315447.(RO-6384)

### अन्य

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़ 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 28900- 84300/-) ग्राउंड स्टाफ सुपरवाईजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राईवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्क:- 8860132534. (RO-2866)

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियां , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ करें -07903284986.(RO-291)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है - AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544. (RO-2853)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप वहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। संपर्क - 72470-06610, 72470-06609. (आर्ट न.-6352)

### मकान

मकान बेचना है-Ask grandiose colony (TNC approved) भाटागांव में 775' प्लाट में 1750' 3bhk सर्वसुविधायुक्त निर्माणधीन मकान बेचना है संपर्क 9425205268 सुबह 9 से शाम 7(RO-1642)

मकान बेचना है-दुर्ग साई नगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मित स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करें :- 9691631036// 9111008008.(आर्ट नं 533)

बेचना है- भिलाई 3, पद्म नगर मेन रोड के पास साई मंदिर से लगी हुई जमीन 32×50 =1600 वर्गफुट बेचना है। सम्पर्क करें- 9302822476, 6264376073.(RO-bsp)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### जमीन

जमीन चाहिए- गोदाम की, खरीदी/बिक्री व किराये हेतु बिजली HT कनेक्शन सहित, संपर्क करें, मयंक बर्मन- 9131170225 1, 9174154266. (RO-3796)

## Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152






### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

### चमड़ी रोग

डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल
निशांत अग्रवाल
9303242200

### छोटा लिंग निराश क्यों?

जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844




## खबर संक्षेप



### पाक के टेस्ट कप्तान बने रहेंगे शान मसूद

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा। पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभालने वाले मसूद को पूर्ण समर्थन मिला।

### उस अद्भुत कैच को देखकर दंग रह गया

**हरारे।** रवि बिश्नोई हमेशा से मुस्तैद फील्डर रहे हैं लेकिन उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में आवेश खान की गेंद पर ब्रायन बेनेट का जो अद्भुत कैच लपका, उससे उनके साथी खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गए। ड्रेसिंग रूम में चर्चा बिश्नोई के कैच की हो रही थी। आवेश ने मैच के बाद कहा, 'उसने जब वह कैच पकड़ा तो मुझे नहीं लगता है कि उसे 'रिएक्शन टाइम' मिला होगा।

### स्टॉपेज टाइम में वाटकिंस ने दागा गोल, इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराया

# यूरो 2024 : इंग्लैंड ने फाइनल में बनाई जगह, स्पेन से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| डॉर्टमंड

एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्टॉपेज टाइम में ओली वाटकिंस के गोल के दम पर इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना स्पेन से होगा। नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने पहला गोल दागा। वहीं केन ने बराबरी का गोल पेनल्टी पर किया।

इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया। यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड के लिये जूड बेलिंगघम ने स्टॉपेज टाइम में बराबरी का गोल किया था।

### 58 साल से खिताब का सूखा

इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को अंतिम 16 के मुकाबले में हराया और स्विटजरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड ने आखिरी बार 1966 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज की थी जिसके बाद से टीम कोई बड़ा खिताब नहीं जीत सकी है। इंग्लैंड पहली बार विदेश में फाइनल खेलेगा। उसने 1966 विश्व कप वेम्बले स्टेडियम पर जीता था और यूरो 2020 फाइनल भी वहीं खेला गया था जिसमें उसे इटली ने हराया था।



**कोच का मास्टर स्ट्रोक :** वाटकिंस इससे पहले इस बार यूरो चैंपियनशिप में डेनमार्क के खिलाफ ग्रुप मैच में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे। साउथगेट ने 80वें मिनट में जब उन्हें उतारने का फैसला किया तो सभी को हैरानी हुई। लेकिन यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ।

### कोपा अमेरिका : कोलंबिया 23 साल में पहली बार खेलेगा फाइनल



**चार्लोट।** कोलंबिया ने उरुग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया हालांकि आखिरी सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच में झड़प हो गई। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवार को गत चैंपियन लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरुग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था।

#### मैच के बाद भिड़े दर्शक

कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरुग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरुग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरुग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए। मैदान पर जमा 70644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे लेकिन उरुग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके।

## विंबलडन

### पाओलिनी और क्रेसिकोवा में कल होगी विंबलडन की खिताबी जंग





एजेंसी ▶▶| लंदन

जैस्मिन पाओलिनी ने गुरुवार को यहां गैर वरीय डोना वेकिच को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई जो उनका लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा।

फाइनल में पाओलिनी की भिड़ंत बारबरा क्रेसिकोवा से शनिवार को होगी। क्रेसिकोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए पाओलिनी ने दो घंटे और 51 मिनट चले सेमीफाइनल में वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीय पाओलिनी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट अपने नाम किया। वह तीसरे और निर्णायक सेट में 1-3 से पीछे थी लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं। पाओलिनी ने अंततः अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर अंक जुटाकर जीत दर्ज की। वह पिछले महीने रोलां गैरो पर फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियाटेक के खिलाफ हार गईं थी। इटली की 28 साल की पाओलिनी एक ही सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के खिताब मुकाबले में जगह बनाने वाली 2015 और 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली महिला हैं।

#### मुसेट्टी पहली बार सेमीफाइनल में, जोकोविच से होगा सामना



*लंदन। इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कॅरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं। उन्होंने साढ़े तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कॅरियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है।*

### डियन रेसिंग फेस्टिवल : गांगुली ने खरीदी रॉयल टाइगर्स टीम

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी।



कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में दो मुख्य चैंपियनशिप होंगी जो इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं। इस जुड़ाव पर उत्साह से भरे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा, 'मैं 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है और कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ हमारा उद्देश्य 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करना है।'

### युजवेंद्र चहल को हरियाणा सरकार से मिला सम्मान



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 7 रन से मात दी और 17 साल के लंबे इंतजार के बाद टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की। चैंपियन बनने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस बीच भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को गुरुवार को गुरुग्राम में हरियाणा के सीएम नायब सिंह से सम्मान मिला। उन्होंने चहल को एक खास तोहफा दिया है, जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीएम ने चहल को पहले वर्ल्ड कप विजेता का मेडल पहनाया और फिर शॉल पहनाकर उनका सम्मान किया।

### सिंधू के स्मैश की रफ्तार, जेना के थ्रो का मना जश्न

**मुंबई।** शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, भाला फेंक एथलीट किशोर जेना और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उपलब्धियों का 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले शहर में जश्न मनाया गया। ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ की आधिकारिक 'फुटवेयर' खेल का सामान बनाने वाली कंपनी 'प्यूमा' ने 'चैंपियंस ऑफ द गेम' का



जश्न मनाने के लिए गुरुवार को यहां एक 'आउटडोर' अभियान लांच किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खिलाड़ियों की छवियां दिखेंगी। ओलंपिक दल के कुल 45 भारतीय एथलीट जर्मनी की कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका 'सी द गेम लाइक वी डू' अभियान का उद्देश्य यहां खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना है।




## क्रिकेट

### श्रीलंका में तीन वनडे और तीन टी20 खेलेगा भारत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत जुलाई और अगस्त में श्रीलंका के दौरे के दौरान पाल्लेकल और कोलंबो में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलेगा।

सफेद गेंद का दौरा टी20 अंतरराष्ट्रीय (26, 27 और 29 जुलाई) से पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद श्रृंखला के वनडे (एक, चार, सात अगस्त) कोलंबो में आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम नव नियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खेलेगी जबकि श्रीलंका भी नए कोच सनत जयसूर्या के साथ होगी। भारत को अभी श्रृंखला के लिए टीम घोषित करनी है और आठ जुलाई को एजेंसी की खबर के अनुसार सीनियर खिलाड़ी जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा को इस दौरे पर आराम दिया जाएगा। उम्मीद है कि हार्दिक पंड्या को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है जबकि केएल राहुल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है।

#### हसरंगा ने टी20 कप्तान का पद छोड़ा

**कोलंबो।** वानिंदु हसरंगा ने भारत के खिलाफ तीन मैच की आगामी श्रृंखला से पहले श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान का पद गुरुवार को छोड़ दिया। श्रीलंका क्रिकेट की विज्ञप्ति के अनुसार, 'श्रीलंका क्रिकेट लोगों को सूचित करना चाहता है कि राष्ट्रीय पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने कप्तानी से इस्तीफा देने का फैसला किया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी — मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. जाऊलकर — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304 — 17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर — मो. 9039050422

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर — 9644099925

वात रोग, स्त्री रोग, किडनी रोग — श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र — 76470-97309, 98279-66617

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

अंतरिक्ष में फंसीं हुई है सुनीता विलियम्स!

# स्पेस स्टेशन की हैं कई रोचक बातें एक दिन में होता है 16 सूर्योदय

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ स्पेस में फंस गई हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कारण दोनों अंतरिक्ष यात्री वापस नहीं आ पाए हैं। अंतरिक्ष यात्रियों का यह मिशन सिर्फ आठ दिनों का ही था। पांच जून को अंतरिक्ष यान ने उन्हें लेकर उड़ान भरा था। बोइंग स्टारलाइनर ने यह पहली उड़ान भरी थी।

## कैसा है अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन?



स्पेस में स्थित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन एक घर की तरह है। इसमें पांच बेडरूम, दो बाथरूम, एक जिम और एक खिड़की भी है। अगर अंतरिक्ष स्टेशन में लगे सोलर पैनल के किनारों से मापा जाए, तो यह एक फुटबॉल मैदान के बराबर है। अंतरिक्ष स्टेशन पर छह लोग रह सकते हैं, लेकिन कई बार इसकी संख्या अधिक हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मई 2022 तक 20 देशों के 258 अंतरिक्ष यात्री जा चुके हैं। इनमें सबसे अधिक अमेरिका के 158 और रूस के 54 अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। यह पृथ्वी से करीब 400 किमी ऊपर है। यह 28, 000 किमी की रफ्तार से धरती के चारों तरफ घूमता है। 90 मिनट में अंतरिक्ष स्टेशन धरती का एक चक्कर पूरा करता है। इसका मतलब यह है कि एक दिन में अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।

## अंतरिक्ष में रहने वाले यात्रियों पर ये होता है असर

*अंतरिक्ष में वातावरण पृथ्वी से अलग होता है। वहां पर माइक्रोग्रैविटी, रेडिएशन का खतरा, अंतरिक्ष स्टेशनों के सीमित क्वार्टर मानव स्वास्थ्य के लिए एक चुनौती है। अंतरिक्ष स्टेशन पर ज्यादा समय तक रुकना उनके लिए जोखिम भरा है। अंतरिक्ष यात्रियों के लिए स्पेस में तात्कालिक परिवर्तनों में एक द्रव पुनर्वितरण है। गुरुत्वाकर्षण न होने की वजह से शारीरिक तरल पदार्थ शरीर के ऊपर वाले भाग पहुंचने लगते हैं।*

# सऊदी से पहुंचे युवक की चैतमा के दंपति ने रची थी मौत की साजिश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा



सऊदी अरब से पहुंचे एक युवक की टुकड़े-टुकड़े कर उसे मौत की नींद सुलाने वाला कोई और नहीं बल्कि चैतमा का ही एक दंपती ने ही साजिश रचने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर युवक की शिनाख्त झारखंड रांची निवासी वसीम के रूप में उनके परिजनों ने कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस कल इस मामले का विधिवत खुलासा करेगी। उल्लेखनीय है कि पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर स्थित बांध में बैग व बोरा में भरा हुआ युवक का अलग-अलग टुकड़ों में कटा शव मिला था। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। पिछले 24 घंटे से पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सड़क पर मवेशी, हाईकोर्ट ने कहा- सख्ती से करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेशभर के सड़कों में आवारा कुत्तों और मवेशियों को लेकर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई। हाईकोर्ट ने प्रदेश के नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सड़कों और राजमार्गों में आनेवाले पशुओं को रोकें और संभावित दुर्घटना रोकने सख्त कदम उठाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

■ नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़ा निर्देश

ध्यान रहे कि सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर राजकुमार मिश्रा व अन्य जनहित याचिका लगाई है। याचिका में कहा गया है कि आवारा मवेशियों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बड़ी संख्या में मौतें भी हो रही हैं। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। प्रदेश की सड़कों पर मवेशियों के जमघट से होने वाली होने वाली परेशानियों को लेकर वर्ष 2019 में जनहित याचिकाएं लगाई गई थीं।




# एसीबी ने रिश्वतखोर बाबू को रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



नारायणपुर के एसडीएम कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरूवार को छापामारी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक रिश्वतखोर बाबू रंगे हाथों धर दबोचा है। एसीबी की कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है। एसीबी की टीम ने नारायणपुर जिला कलेक्टोरेट एसडीएम शाखा में सहायक ग्रेड 02 के पद पर पदस्थ संकेर कुमेटी को 8000 रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है, जहां चांदनी चौक के रहने वाले लवदेव देवांगन से जमीन के नामांतरण के बदले एसडीएम शाखा में सहायक ग्रेड 2 पर पदस्थ संकेर कुमेटी कई दिनों से दस हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसके चलते लवदेव देवांगन ने मामले की शिकायत एसीबी जगदलपुर से की, जिसके बाद एसीबी टीम ने जाल बिछा कर रिश्वतखोर बाबू को गिरफ्तार कर लिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com